दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। शनिवार 26 अक्टूबर-2024 | ● वर्ष : 9 अंक : 304 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

# गाजियाबाद उपचुनाव में 19 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

## नामांकन के अंतिम दिन भाजपा, सपा सहित कई निर्दलीयों ने भरे पर्चे













गाजियाबाद, करंट क्राइम : गाजियाबाद विधानसभा-56 सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए शुक्रवार 25 अक्टूबर को नामांकन का अंतिम दिन था। नामांकन के अंतिम दिन पर्चे दाखिल करने वालों की भारी भीड़ देखने को मिली। शुक्रवार को जहां भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार संजीव शर्मा ने अपना नामांकन किया है। तो वहीं समाजवादी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी सिंहराज ने भी पर्चा भरने का काम किया। इसके साथ ही कई क्षेत्रीय और निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी अपना नामांकन पत्र भरा है। रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संतोष उपाध्याय नगर मजिस्ट्रेट गाजियाबाद में बताया है कि गाजियाबाद विधानसभा-56 उपचुनाव के लिए कुल 30 नामांकन पत्र बीते 7 दिनों के दौरान विक्रय किए गए थे। इसके साथ ही इस विधानसभा सीट पर कुल 19 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। जिसमें नामांकन के अंतिम दिन लगभग एक दर्जन उम्मीदवारों ने अपना पर्चा भरने के लिए पहुंचे थे। नामांकन के अंतिम दिन होने की वजह से नामांकन कक्ष और मार्ग पर भीड़ रही। इस दौरान सुबह से ही भारी संख्या में पुलिस बल, पीएसी के जवानों और पुलिस के आलाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। शुक्रवार को दोपहर तीन बजे तक नामांकन प्रक्रिया का कार्यक्रम चला।

### 28 तक है नाम निर्देशन (स्कूटनी) की अंतिम तिथि

करंट क्राइम : नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो गई है और विधानसभा सीट-56 गाजियाबाद के लिए होने वाले उपचुनाव में कुल 19 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। नामांकन के लिए कुल 19 उम्मीदवारों के पर्चे चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर को जमा कराए गए हैं। अब उनकी एक टीम इन सभी उम्मीदवारों के नामांकन पत्र की जांच करेगी। जांच करने के बाद जिनमें त्रुटियां और कमी पाई जाएंगी उन नामांकन पत्रों को जांच के बाद खारिज किया जाएगा। इसकी अंतिम तिथि 28 अक्टूबर तय की गई है।



### 30 अक्टूबर है नाम वापसी की अंतिम तिथि

करंट क्राइम : गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव के लिए शहर सीट-56 पर 25 अक्टूबर तक हुए नामांकन कार्य के बाद कुल 19 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरने का काम किया गया है। इसमें राष्ट्रीय दलों से लेकर क्षेत्रीय और निर्दलीय उम्मीदवारों के शामिल हैं। नाम निर्देशन की जांच की अंतिम तिथि 28 अक्टूबर है और नाम वापसी के लिए रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संतोष उपाध्याय द्वारा 30 अक्टूबर अंतिम तिथि घोषित की गई है यानी नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर रहेगी। इसके बाद जो उम्मीदवार बच जाएंगे उन्हीं के नाम ईवीएम में दर्ज किए जाएंगे और उन्हीं उम्मीदवारों के लिए मतदान भी होगा।

### इन्होंने किया है विधानसभा उम्मीदवारी के लिए नामांकन

| नाम | दल का नाम |
|---|---|
| ● संजीव शर्मा | भारतीय जनता पार्टी |
| ● सिंहराज | समाजवादी पार्टी |
| ● परमानंद गर्ग | बहुजन समाज पार्टी |
| ● सतपाल चौधरी | आजाद समाज पार्टी |
| ● धर्मेंद्र सिंह | राष्ट्रीय जन लोक पार्टी सत्य |
| ● रवि कुमार पांचाल | सुभाषवादी भारतीय समाज पार्टी |
| ● पवन सम्राट मिहिर | भोज समाज पार्टी |
| ● पूनम | हिंदुस्तान निर्माण दल |
| ● रवि कुमार | एआइएमआइएम |
| ● गयादीन अहीरवाल | राष्ट्रीय बहुजन कांग्रेस पार्टी |
| ● सोम प्रताप गहलोत | अखिल भारतीय आर्य सभा |
| ● वीरेंद्र कुमार | पब्लिक पॉलीटिकल पार्टी |
| ● शमशेर राणा | निर्दलीय |
| ● वीके अग्रवाल | निर्दलीय |
| ● कुलभूषण त्यागी | निर्दलीय |
| ● रूपेश चंद | निर्दलीय |
| ● विनय कुमार शर्मा | निर्दलीय |
| ● मिथुन जायसवाल | निर्दलीय |
| ● सत्यम शर्मा | निर्दलीय |



### पूनम एक मात्र महिला उम्मीदवार

करंट क्राइम : हिंदू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह उर्फ पिंकी चौधरी की पत्नी ने भी नामांकन के अंतिम दिन अपना पर्चा दाखिल किया है। उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने वालों में पूनम अकेली महिला उम्मीदवार हैं। उनके पति पिंकी चौधरी झुग्गियों में रह रहे लोगों को बांग्लादेशी बताकर मारपीट करने के मामले ढाई माह से जेल में बंद हैं। पूनम ने हिन्दुस्थान निर्माण दल से नामांकन कराया है। पूनम ने कहा कि उनके पति सच और हिंदुत्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस लड़ाई में परेशानियां तो आएंगी लेकिन हमारा परिवार ऐसी परेशानियों से हारने वाला नहीं है।

### सुरक्षा का रहा कड़ा पहरा, डीसीपी से लेकर एसीपी तक रहे तैनात



गाजियाबाद, करंट क्राइम : गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव-56 के लिए शुक्रवार को उम्मीदवारों द्वारा नामांकन का अंतिम दिन था। नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन सुरक्षा व्यवस्था और यहां की अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए खुद डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार, एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी, एसीपी अंडर ट्रेनिंग अंबुज यादव मौजूद रहे। इसके साथ ही थाना प्रभारी कवि नगर योगेंद्र मलिक, थाना प्रभारी घंटाघर कोतवाली अनुराग शर्मा के साथ इंस्पेक्टर दिनेश सिंह व भारी संख्या में पुलिस बल व पीएसी के जवानों की तैनाती पुलिस मुख्यालय मुख्य मार्ग, कलेक्ट्रेट परिसर और नामांकन कक्ष के आसपास की गई थी ताकि किसी प्रकार की अवस्था ना होने पाए।

### 119 मतदान केंद्रों पर बनेंगे 506 मतदेय स्थल

करंट क्राइम । 56 विधानसभा क्षेत्र में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए 119 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। जहां 506 मतदेय स्थल स्थापित हैं। जिसमें से 72 मतदेय स्थल क्रिटिकल बताए गए हैं, जबकि वल्नरेबल की संख्या शून्य है। यहां चारों मजिस्ट्रेट और 22 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी।

### 4 लाख 61 हजार 360 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग



करंट क्राइम । विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 के अंतर्गत उपचुनाव में कुल 4 लाख 61 हजार 360 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें अन्य के रूप में 29 शामिल हैं जबकि 18 और 19 वर्ष की आयु वाले मतदाताओं की संख्या 549 है। वहीं 85 वर्ष से अधिक की आयु वाले मतदाताओं की संख्या 134 बताई गई है जबकि कुल 388 दिव्यांगजन मतदाता भी इस विधान सभा चुनाव के अलग-अलग केंद्र पर चिह्नित किए गए हैं। विधानसभा-56 क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव के दौरान एक पिंक बूथ, एक युवा बूथ की भी स्थापना की जाएगी। जहां मतदान स्टाफ के रूप में महिला एवं युवा कर्मचारियों की नियुक्ति होगी।

### शांति व्यवस्था के बीच संपन्न हुई नामांकन प्रक्रिया

करंट क्राइम : शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया का अंतिम दिन था, सुबह से ही पुलिस के अधिकारी और सुरक्षा की तैनाती देखने को मिली। वहीं नामांकन की प्रक्रिया शांति पूर्ण ढंग से तीन बजे संपन्न कराई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस के जवान और महिला सब इंस्पेक्टर से लेकर अन्य सुरक्षाकर्मियों को अलग-अलग स्थानों पर तैनात किया गया था।

## लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने संभाली दिल्ली चुनाव की जिम्मेदारी

### वो बनाए गए हैं वर्ष 2025 के चुनाव के लिए दिल्ली विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग इन दिनों ताबड़तोड़ पारी खेल रहे हैं। विदेश से लेकर देश तक वो ही नजर आ रहे हैं। 2024 के विधानसभा उपचुनाव से लेकर आने वाले 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में अतुल गर्ग पर पार्टी भरोसा जता रही है। अतुल गर्ग पर भी जिम्म्मेदारी पर पूरे खरे उतर रहे हैं। वो लोकसभा सांसद हैं और कार्यकर्ता भाव के साथ संगठन को सम्मान देते हुए एक जिम्मेदारी का भाव प्रदर्शित कर रहे हैं। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग जब विदेश से छह दिवसीय दौरे के बाद लौटे तो उन्होंने वहां से वापस आते ही अपने लोकसभा क्षेत्र में संगठन महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा की रहनुमाई में भाजपा की सक्रियता सदस्यता हासिल की। जब संजीव शर्मा शहर विधानसभा उपचुनाव में उम्मीदवार बने तो सांसद अतुल गर्ग नामांकन के हवन से लेकर नामांकन प्रक्रिया तक साथ रहे।



लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को भाजपा संगठन ने दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 का सह प्रभारी बनाया है।

अतुल गर्ग इस जिम्मेदारी को पूरी शिद्दत से संभालने के लिये तैयार है। वो दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 का सह प्रभारी बनाए जाने के बाद शुक्रवार को दिल्ली के भाजपा प्रदेश कार्यालय में महिला मोर्चा की संगठनात्मक बैठक में पहुंचे। इस बैठक में वो चुनाव प्रभारी विजयंतजय पांडा के साथ शामिल हुए। इस बैठक में दिल्ली प्रदेश के भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री पवन राणा, दिल्ली के प्रदेश कार्यालय मंत्री ब्रिजेश राय तथा अन्य कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सपा-कांग्रेस गठबंधन से सिंहराज ने भरा पर्चा

### बोले क्षेत्र की समस्याओं को करीब से जानता हूं

#### सपा-कांग्रेस के जिला और महानगर अध्यक्ष नामांकन में रहे साथ-साथ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** विधानसभा सीट गाजियाबाद-56 उपचुनाव के लिए समाजवादी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी के रूप में सिंह राज ने शुक्रवार को नामांकन किया। नामांकन के दौरान कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी, महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी, समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव और सपा जिला अध्यक्ष फैजल हुसैन उनके साथ पहुंचे थे। इस दौरान सिंह राज ने अपने प्रस्तावकों व अनुमोदक के साथ नामांकन किया। नामांकन कक्ष से बाहर आकर उन्होंने मीडिया से बातचीत की और कहा कि वह राजनीति में नए-नहीं हैं। वह क्षेत्र की समस्याओं को करीब से जानते हैं। सपा प्रत्याशी ने कहा कि जिस प्रकार से अयोध्या में सपा कांग्रेस-गठबंधन प्रत्याशी ने जीत हासिल की थी ऐसा ही नजर गाजियाबाद में भी देखने को मिलेगा। इस दौरान समाजवादी पार्टी प्रदेश सचिव जितेंद्र यादव, जिलाध्यक्ष पूर्व हरेंद्र कसाना, त्रिलोक त्यागी, नरेंद्र चौहान, पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, पूर्व विधायक हरेंद्र अग्रवाल, अकबर चौधरी सेवा दल अध्यक्ष सुनील शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज कौशिक, प्रेम प्रकाश चीनी, राजाराम भारती पार्टी के नेता व पूर्व प्रत्याशी रहे सिकंदर यादव, मधु चौधरी, पूर्व पार्षद हाजी आरिफ सहित अन्य कांग्रेस समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता नामांकन स्थल पर पहुंचे।



#### 2:15 बजे किया सिंहराज ने नामांकन

करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी कांग्रेस के संयुक्त प्रत्याशी के रूप में सिंह राज शुक्रवार को नामांकन करने पहुंचे थे। वह करीब सवा दो बजे नामांकन स्थल पर पहुंचे। हालांकि वह मुख्य गेट से ना जाकर समाजवादी पार्टी कार्यालय के बराबर वाले गेट से नामांकन स्थल पहुंचे थे। इस दौरान समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने जोरदार स्वागत करते हुए जीत का दवा भी किया है और कहा है कि 2027 में अखिलेश यादव की सरकार आ रही है।

#### समाजवादी पार्टी प्रत्याशी

नाम - सिंह राज जाटव
पता - प्रताप विहार
चल संपत्ति - चार करोड़ रुपये
अचल संपत्ति - 17 करोड़ रुपये
आजीविका का साधन - व्यापार
शिक्षा - स्नातक
आपराधिक मामला - एक
कर्ज - शून्य

## अध्यक्ष ने भर दिया पर्चा, कौन संभालेगा कमान भाजपा में ये चर्चा

### नदिया पार के अध्यक्ष के बाद नहर के इस पार वालों का मचा है शोर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनाव की घोषणा हो गई और चुनाव लड़वाने वाले ही उम्मीदवार हो गए। संगठन सर्वोपरि होता है, संगठन चुनाव लड़वाता है। संगठन का कप्तान पूरी टीम को संभालता है और अब जब कप्तान ही उम्मीदवार हो गए हैं तो फिर कोई तो संगठन को संभालेगा। टिकट वाली घोषणा होते ही कई नाम अध्यक्ष वाली चर्चा में आ गए हैं। हालांकि चुनाव तक कार्यवाहक वाली व्यवस्था रहेगी और उसके बाद ही संगठन स्तर पर ये कंफर्म होगा कि कौन अगला महानगर अध्यक्ष होगा। लेकिन शहर वाला चुनाव किस चेहरे की अध्यक्ष वाली कप्तानी के रूप में लड़ा जाएगा इसको लेकर पूरी भाजपा में कयास है। कई नाम चर्चा में हैं। कमांडर के प्रिय दोस्त पहलवान का नाम इस सूची में सबसे पहले आता है, लेकिन भाजपा के सूत्र बता रहे हैं कि दोस्ती एक तरफ है और समीकरण एक तरफ। यहां भाजपा को संगठन और जनप्रतिनिधि के बीच तालमेल बिठाना है। उसे चुनाव से पहले संदेश देना है। लिहाजा ये नाम कमांडर के करीबी तो माना जाएगा, लेकिन संगठन के ताज के करीब नहीं माना जाएगा।

सूत्र बताते हैं कि संगठन के अध्यक्ष वाली कुर्सी में पहले जातीय समीकरण को साधा जाएगा उसके बाद यहां ताजपोशी की घोषणा होगी। अगर भाजपा सूत्रों की मानें तो महानगर अध्यक्ष वाली चेयर पर फिलहाल कार्यवाहक वाली व्यवस्था होगी। जिसके भी नाम की घोषणा होगी उन्हें कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया जाएगा। सूत्र बता रहे हैं कि ये नाम नदिया पार से नहीं आएगा। ये नाम नहर के इस पार से आयेगा। इस घोषणा के साथ चुनाव से पहले ही जातीय संतुलन को साधा जाएगा। एक वर्ग की नाराजगी को दूर करने का ये प्रयास होगा। सबसे खास बात ये है कि जिस नाम को लेकर दिल्ली, लखनऊ में चर्चा शुरू हो गई है वो नाम संगठन में काफी एक्टिव रहता है।

संगठन के हर कार्यक्रम में उनकी भागीदारी रहती है। सरल, सौम्य स्वभाव का ये चेहरा आगामी चार दिन के भीतर महानगर अध्यक्ष वाली कमान कार्यवाहक के रूप में संभाल सकता है।

## मंत्री कपिल अग्रवाल ने दिया चुनावी मंत्र 'नॉक द डोर'

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर उपचुनाव की रणभेरी बज गई है और भाजपा का उम्मीदवार मैदान में आ गया है। सबसे खास बात ये है कि भाजपा उपचुनाव को बिल्कुल भी हल्के में नहीं ले रही है। उपचुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा संगठन की कार्यप्रणाली की समीक्षा करने स्वयं मुख्यमंत्री आए। उन्होंने दो सौ कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कायम किया। चुनाव को लेकर बूथ कमेटियों के बारे में पूछ लिया। 29 सितंबर की डेट लाइन तय की और कहा कि चुनाव में कार्यकर्ता अतिआत्मविश्वास से बचे। ओवर कॉन्फिडेंस के साथ नहीं सधी हुई रणनीति के साथ चलें।

### कार्यकर्ताओं से कहा-एक बार नहीं तीन बार जाना है मतदाता के द्वार



सबसे खास बात ये है कि भाजपा उपचुनाव को सीरियस ले रही है और उसने एक विधानसभा सीट पर अपने तीन मंत्रियों को मैदान में उतारा है। जब भाजपा उम्मीदवार ने अपना पर्चा दाखिल किया तो चुनाव संभाल रहे मंत्री कपिल अग्रवाल ने कार्यकताओं के साथ बैठक की। इधर जिंदाबाद के नारे गूंज रहे थे और उधर भाजपा के मंत्री कार्यकताओं को चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने का और जीत की ओर कदम बढ़ाने का मूलमंत्र दे रहे थे। मंत्री कपिल अग्रवाल ने नॉक द डोर का मूलमंत्र दिया। उन्होंने कार्यकताओं से ये आहवान किया कि हमें चुनाव प्रचार में एक ही डोर को तीन बार नॉक करना है। इसका अर्थ ये है कि हमें एक ही मतदाता के यहां तीन बार जाना है। तीन बार उनका दरवाजा खटखटाना है। तीन बार उन्हें याद दिलाना है कि आपको कमल के निशान का बटन दबाना है। इस चुनावी मूलमंत्र का बेस बताते हुए उन्होंने कहा कि तीन बार जाने से मतदाता को आपका फेस याद हो जाता है। आपका दल याद हो जाता है और चुनाव चिन्ह याद हो जाता है। चुनाव की आधी फतह तो यही से हो जाती है।

## रहना है शहर विधानसभा में चुनाव लड़ने वालों का ये सीन

### कोई तो कमी निकलेगी और चुनाव नहीं लड़ पाएंगे चेहरे तीन




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनाव लड़ने के लिये पार्टी ने जिन्हें मौका दिया वो चेहरे शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल कर आए। जिन्हें पार्टी ने मौका नहीं दिया उनमें से कई चेहरे निर्दलीय मैदान में उतरे हैं। जब पर्चा खरीदने की बेला आई तो तीस लोगों ने नामांकन फॉर्म खरीदें और पर्चा भरने की अंतिम तिथि में 19 उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया।

अब संख्या के हिसाब से 19 उम्मीदवार मैदान में हैं। अभी पर्चा वापस लेने की भी तिथि है और यहां पर एक तकनीकी पेंच फंसेगा। ईवीएम मशीन में ये व्यवस्था है कि एक बार में 16 उम्मीदवार चुनाव लड़ सकते हैं और यदि 16 से ज्यादा उम्मीदवार होते हैं तो मतदान केंद्र पर ईवीएम का दूसरा सेट लगाना पड़ता है। नियम ये है कि अगर सबने नामांकन पत्र सही दाखिल किया है, किसी ने पर्चा वापस नहीं लिया है तो फिर ये निर्वाचन विभाग की जिम्मेदारी है कि वो दूसरी ईवीएम का प्रबंध करें। ये नियम है। मगर परंपरा ये है कि छंटनी ऐसी होगी कि अपने आप ही सारे छंट जाएंगे और मैदान में 16 उम्मीदवार रह जाएंगे।

गाजियाबाद शहर सीट से निर्दलीय उम्मीदवारों में सत्यम शर्मा, पूनम, कुलभूषण त्यागी, विनय शर्मा, मिथुन जायसवाल व अन्य उम्मीदवार हैं। पूरी उम्मीद है कि 19 में से तीन को सीन से आउट होना ही पड़ेगा। अब देखना ये है कि कौन अपना नाम वापस लेता है और किसका पर्चा निरस्त होता है।

# यमुना में बढ़ते प्रदूषण के स्तर से कैंसर की आशंका एक नहीं कई बीमारियां, 30 सालों का रिसर्च

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सिर्फ हवा ही नहीं यमुना नदी के पानी में बढ़े प्रदूषण ने भी चिंता पैदा कर दी है। क्योंकि इस पानी में कैंसर की आशंका है। एम्स के निवारक ऑन्कोलॉजी विभाग की सहायक प्रोफेसर पल्लवी शुक्ला का कहना है कि कई शोध बताते हैं कि यमुना का प्रदूषित पानी लंबे समय में कैंसर का कारक बन सकता है।

यमुना में बढ़ता प्रदूषण का स्तर कैंसर को न्यौता दे सकता है। पिछले 30 सालों से चल रहे यमुना के पानी पर अध्ययन में काफी चिंताजनक तथ्य सामने आए हैं। इनमें दावा किया जा रहा है कि लंबे समय तक नदी के पानी को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उपभोग या इनके संपर्क में रहने वाले कई तरह के कैंसर के रोगी हो सकते हैं। एम्स सहित दूसरे संस्थान के विशेषज्ञ लगातार इनकी जांच कर रहे हैं। विशेषज्ञों की माने तो यमुना और हिंडन नदी में पानी की गुणवत्ता लगातार खराब हुई है और इसमें सुधार के लिए बड़े स्तर पर काम करने की जरूरत है। इनके पानी में औद्योगिक कचरे के अलावा, कीटनाशक, फर्टिलाइजर, सीवरेज सिस्टम का गंदा पानी होने की आशंका है। जो नदी के पानी में कार्सिनोजेन को बढ़ता है। यह ऐसा पदार्थ, जीव, या एजेंट है जो कैंसर पैदा करने में सक्षम होता है। वहीं दिल्ली सरकार भी लगातार यमुना में औद्योगिक कचरे के बढ़ने को लेकर सवाल उठा रही है। पानी को लेकर अध्ययन कर रहे डॉक्टरों का कहना है कि यमुना के आसपास पेपर व शुगर मील हैं। इनका कचरा इसमें आता होगा। इसके अलावा फसलों के उत्पादन के दौरान इस्तेमाल होने वाले रसायन भी यमुना के पानी को प्रदूषित कर रहे हैं।



### आर्सेनिक बढ़ने से हो सकता है यह कैंसर

नदी के पानी में आर्सेनिक बढ़ने से त्वचा, फेफड़े और मूत्राशय का कैंसर हो सकता है। इसमें लिवर (एंजियोसारकोमा), किडनी और अन्य कैंसर की आशंका सबसे ज्यादा होती है।

### प्रदूषण से इन कैंसर की आशंका

- ब्लड कैंसर
- ब्लैडर का कैंसर
- रेक्टल कैंसर
- जीआई कैंसर
- ब्रेस्ट कैंसर
- गॉल ब्लैडर कैंसर

### दिखे यह लक्षण तो हो जाएं सतर्क

- अल्सर हो, तिल में तेजी से बदलाव
- पेशाब में खून
- पेट के निचले हिस्से में दर्द हो
- बहुत ज्यादा थकान
- संक्रमण

### पानी के 56 नमूने लिए गए थे

एक शोध के अनुसार, ऊपरी यमुना नदी के पानी में भारी धातु प्रदूषण, संबंधित जोखिम और संभावित स्रोतों की जांच के लिए विभिन्न प्रदूषण सूचकांक और रसायन विज्ञान विधियों का उपयोग किया गया। नदी जल के कुल 56 नमूने लिए गए। इनमें प्री और पोस्ट-मानसून सीजन में 28-28 नमूने एकत्र किए गए। इनमें 15 भारी धातुओं का विश्लेषण किया गया। इसमें पता चला कि प्रदूषण सूचकांक संकेत देते हैं कि निचले जलग्रहण क्षेत्र को छोड़कर अधिकांश स्थान कम से मध्यम प्रदूषित हैं।

# मेडिकल डिवाइसेस के एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश में डिजिटल फ्रेमवर्क होगा तैयार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में मेडिकल डिवाइस पार्क की स्थापना कर रही योगी सरकार ने प्रदेश में मैनुफैक्चर होने वाले मेडिकल डिवाइसेस के एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। इस कार्ययोजना के अनुसार लॉजिस्टिक्स, उत्तम कनेक्टिविटी, मेडिकल डिवाइस व फार्मास्यूटिकल पार्कों की स्थापना के लिए विभिन्न प्राधिकरणों में लैंड बैंक एक्सेसिबिलिटी समेत विभिन्न प्रक्रियाओं को पूरा किया जा रहा है। वहीं मेडिकल डिवाइस के प्रोडक्शन व एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल-मेडिकल डिवाइस (ईपीसी-एमडी) के लिए मोबाइल ऐप बेस्ड डिजिटल आईटी सेटअप को तैयार करने की प्रक्रिया पर काम शुरू हो गया है। यह ऐप बेस्ड डिजिटल आईटी सेटअप (जिसमें वेब पोर्टल व विभिन्न आईटी सॉल्यूशंस की सेवाएं होंगी) आधुनिक तकनीक को अंगीकार करते हुए भविष्य की जरूरत के अनुसार तैयार किया जाएगा। यह ईपीसी-एमडी के लिए ह्वन स्टॉप सॉल्यूशन की तरह कार्य करेगा, जिसमें परियोजनाओं की स्वीकृति समेत विभिन्न कार्यों का आवलोकन हो सकेगा। यह प्रदेश में मेडिकल डिवाइसेस के उत्पादन की प्रगति, उत्पादन के विभिन्न घटकों को चिह्नित करने, प्रश्रय देने और एक्सपोर्ट प्रमोशन समेत एक्सपोर्ट संबंधी आंकड़ों के संकलन का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। सीएम योगी के विजन अनुसार प्रदेश में पहले ही उत्तर प्रदेश फार्मास्युटिकल और मेडिकल डिवाइस उद्योग नीति 2023 को 5 वर्षों की अवधि के लिए लागू किया जा चुका है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) द्वारा इस पार्क को दो फेज में उत्तर भारत के पहले समर्पित मेडिकल डिवाइस पार्क के तौर पर विकसित किया जा रहा है। यह पार्क 350 एकड़ में फैला होगा और इसमें आवंटियों को सब्सिडी वाली बिजली, पानी, वेयरहाउसिंग और कौशल विकास, पेटेंट और गुणवत्ता प्रमाणन से जुड़ी प्रतिपूर्ति मिलेगी। ऐसे में, इस पार्क में लागत प्रभावी परीक्षण और वैज्ञानिक सुविधाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ईपीसी-एमडी के लिए ऐप, वेब पोर्टल और आईटी सॉल्यूशंस को विकसित किया जाएगा। यह बिजनेस ब्लू प्रिंट एक्सेस कर विभिन्न परियोजनाओं व गतिविधियों की रोल बेस्ड एक्सेसिबिलिटी के जरिए रेगुलर मॉनिटरिंग का मार्ग प्रशस्त करेगा। प्रक्रिया के अंतर्गत, ऐप बेस्ड डिजिटल आईटी सेटअप को कई एडवांस्ड फीचर्स से युक्त किया जाएगा। यह थ्री लेयर्ड सिक्योरिटी, डिजास्टर रिकवरी, डाटा सेंटर सर्वर, सोशल मीडिया सेटअप, सीओओ एक्टिवेशन, गो लाइव, रीइंबर्समेंट क्लेम, मेंबर्स डॉक्यूमेंटेशन, पेमेंट गेटवे इंस्टॉलेशन, इंटरनेशनल व नेशनल एग्जिबिशंस के लिए माइक्रो वेबसाइट, एसएमएस इंटीग्रेशन व हेल्प डेस्क समेत तमाम खूबियों से लैस होगा।

## न्यूज डायरी

### झारखंड के पूर्व सीएम मधु कोड़ा नहीं लड़ पाएंगे चुनाव



**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता मधु कोड़ा विधानसभा का चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने सजा पर रोक लगाने की मांग वाली उनकी याचिका खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने शुक्रवार को याचिका पर सुनवाई के बाद अपना फैसला सुनाया। मधु कोड़ा झारखंड के बहुचर्चित कोयला घोटाले में सजायाफ्ता हैं। 13 दिसंबर 2017 को निचली अदालत ने मधु कोड़ा के अलावा पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता, राज्य के पूर्व मुख्य सचिव एके बसु और कोड़ा के करीबी विजय जोशी को भ्रष्टाचार के आरोप में तीन साल की सजा सुनाई थी। उन पर कोलकाता की कंपनी विनी आयरन एंड स्टील उद्योग लिमिटेड को झारखंड का राजहरा उत्तर कोयला ब्लॉक को गलत तरीके से आवंटित करने का आरोप था। कोड़ा फिलहाल जमानत पर हैं। वह हाल में भाजपा में शामिल हुए हैं और विधानसभा का चुनाव लड़ना चाहते थे। उन्होंने अपनी सजा पर रोक लगाने की मांग को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट की एकल पीठ ने उनकी याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि याचिकाकर्ता केवल इस आधार पर फैसले पर रोक लगाना चाहता है कि वह चुनाव लड़ सके। यह उचित नहीं है। पहली नजर में यही लगता है कि वह इस मामले में दोषी हैं, इसलिए निचली अदालत के फैसले पर रोक लगाने का कोई ठोस कारण नहीं है। दिल्ली हाईकोर्ट के इस फैसले को मधु कोड़ा ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिली।

### भारतीय किसान यूनियन की जिला कार्यकारिणी भंग, ट्रैक्टर-ट्रॉली वाले बनाए जाएंगे पदाधिकारी



**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के किसान संगठन भारतीय किसान यूनियन ने मुजफ्फरनगर जिला कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। जिलाध्यक्ष का कहना है कि अब नए सिरे से इसके लिए आवेदन मांगे गए हैं। मुजफ्फरनगर जनपद में भाकियू ने जिला कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा ने कहा कि विभिन्न पदों के लिए ऐसे कार्यकर्ता आवेदन कर सकते हैं, जिनके पास ट्रैक्टर-ट्रॉली और 15 सदस्यों की टीम हो। संगठन के धरने प्रदर्शन में पहुंचने का समय भी हो।

#### ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ 15 लोगों की टीम होना अनिवार्य

शुक्रवार को जिलाध्यक्ष ने बताया कि जिला कार्यकारिणी, ब्लॉक कार्यकारिणी और तहसील कार्यकारिणी तत्काल प्रभाव से भंग की गई हैं। भविष्य में पुनर्गठित होने वाली जिला, ब्लॉक व तहसील कार्यकारिणी में केवल वही कार्यकर्ता पद के लिए आवेदन कर सकता है, जिस पर संगठन के कार्यक्रमों व धरना प्रदर्शनों में भाग लेने के लिए स्वयं का ट्रैक्टरझ्ट्रॉली व कम से कम 15 लोगों की अपनी टीम हो।

# एलडीए अधिकारियों को किसानों ने बनाया बंधक

## मकानों का सर्वे करने पहुंचे थे गांव, 2 थानों की फोर्स पहुंची



**लखनऊ।** लखनऊ में शुक्रवार को सिकंदर पुर अमोलिया गांव में सर्वे करने पहुंची एलडीए टीम को किसानों ने बंधक बना लिया। वे सर्वे टीम को पकड़ कर धरनास्थल पर लेकर आए। मामले की सूचना मिलते ही दो थानों की फोर्स भी मौके पर पहुंची गई। एलडीए अधिकारियों के लिखित आश्वासन देने के बाद किसानों ने बंधकों को छोड़ा। बता दें, खुर्दही बाजार के पास सुल्तानपुर रोड स्थित किसान पथ के नीचे 43 दिनों से किसान धरने पर बैठे हैं। वे एलडीए और आवास विकास के खिलाफ जमीनों का उचित मुआवजा नहीं देने और मनमानी का विरोध कर रहे हैं। बीते गुरुवार को किसान सीएम आवास को कूच कर गए थे। इस दौरान 26 अक्टूबर को आवास विकास और एलडीए अधिकारियों से बातचीत पर सहमित बनी थी। इसके बाद किसान पुनः धरनास्थल पर वापस आ गए थे। मिली जानकारी के मुताबिक, सिकंदर पुर अमोलिया गांव में शुक्रवार को एलडीए की टीम अचानक पहुंच गई। इसकी सूचना ग्रामीणों को लगी तो वे बड़ी संख्या में मौके पर जुट कर हंगामा करने लगे। इसके बाद किसानों ने एलडीए टीम को बंधक बना लिया। किसानों ने टीम में शामिल अवर अभियंता भरत पांडेय, प्रमोद पांडेय, योगेंद्र प्रताप सिंह, लक्ष्मी शंकर और सुरेश सिंह को कार में बैठाकर धरना स्थल पर पहुंच कर जमकर हंगामा शुरू कर दिया। अधिकारियों को बंधक बनाए जाने की सूचना जब पुलिस को मिली तो तत्काल मौके पर दो थानों की फोर्स पहुंच गई, जिसके बाद किसान ल एलडीए वीसी को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए।

## राजगीर में विश्व शांति स्तूप के 55वें वार्षिक समारोह में शामिल हुए सीएम नीतीश कुमार



**नालंदा/पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को नालंदा जिला के राजगीर में विश्व शांति स्तूप की स्थापना के 55वें वार्षिक समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को शुभकामनाएं दी और देश-विदेश खासकर जापान से पधारे सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने आधुनिक नवनिर्मित एकीकृत भवन का उद्घाटन भी किया। विश्व शांति स्तूप के 55वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राजगीर में विश्व शांति स्तूप का निर्माण वर्ष 1969 में जापान के फियूजी गुरुजी ने कराया था तथा इसका उद्घाटन 25 अक्टूबर, 1969 को तत्कालीन राष्ट्रपति वीवी गिरी ने किया था। उस समय से हर वर्ष 25 अक्टूबर को कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। वर्ष 2019 में विश्व शांति स्तूप के 50 साल पूरे हुए थे तब हमने तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को दिल्ली जाकर आमंत्रित किया और वे इस कार्यक्रम में आए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान बुद्ध का राजगीर से काफी पुराना संबंध है। वे वेणुवन में रहा करते थे और फिर यहां से गया चले गये थे, जहां उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई और तब से उस स्थान को बोधगया के नाम से जाना जाता है। हमने राजगीर में भगवान बुद्ध से जुड़े सभी स्थलों का विकास कराया है। वेणुवन, जहां भगवान बुद्ध रहते थे, पहले वहां की स्थिति ठीक नहीं थी। इसके क्षेत्र को बढ़ाया गया है और इसे सुंदर बनाया गया। गृद्धकूट पर्वत पर आने-जाने के लिए रास्ता को ठीक कराया गया है। घोड़ाकटोरा में पानी के बीच में भगवान बुद्ध की 50 फीट ऊंची प्रतिमा लगाई गई है। इसके अलावा पटना में बुद्ध स्मृति पार्क एवं बुद्ध स्तूप का निर्माण कराया गया है। उन्होंने कहा कि राजगीर से हमारा पुराना रिश्ता है।

## गुजरात में नौका विहार गतिविधियों के लिए सख्त सुरक्षा नियम लागू



**गांधीनगर।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने 'गुजरात अंतर्देशीय पोत पंजीकरण, सर्वेक्षण और संचालन नियम 2024' को मंजूरी दे दी है। इसके तहत नौका विहार और जल क्रीड़ा गतिविधियों के लिए सुरक्षा नियम और सख्त किए गए हैं। बता दें कि ये नियम छोटे जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए हैं। ये नियम प्लीजर क्राफ्ट, नावों और 10 मीटर से कम लंबाई वाले जहाजों पर लागू होंगे। इन नियमों का मसौदा जून 2024 में तैयार किया गया था और इसे सार्वजनिक प्रतिक्रिया के लिए उपलब्ध कराया गया था, जिससे नागरिक अपने सुझाव दे सकें। मुख्यमंत्री ने समीक्षा करने के बाद बंदरगाह और परिवहन विभाग के नियमों को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया है। नए नियमों के तहत जहाजों को पंजीकृत करने के इच्छुक व्यक्तियों को अपने संबंधित जिला अधिकारियों के पास आवेदन जमा कराना होगा। राज्य के प्रत्येक जिले या शहर में जल संरक्षण समिति जल क्रीड़ा गतिविधियों और नौकायन परिचालनों का नियमित निरीक्षण करेगी। सुरक्षा नियमों के उल्लंघन करने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। नियमों में ऑपरेटरों की भूमिका और जिम्मेदारियों के साथ ही जीवन रक्षक जैकेट, मासिक रखरखाव जांच और योग्य चालक दल के सदस्यों जैसे सुरक्षा उपकरणों की आवश्यकता पर बल दिया गया है। गुजरात मैरीटाइम बोर्ड (जीएमबी) ने नए नियमों के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए एक उपाध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की नियुक्ति की है। जीएमबी का समुद्री अधिकारी मुख्य सर्वेक्षक के रूप में काम करेगा, जबकि जिला मजिस्ट्रेट नौकायन पंजीकरण के लिए रजिस्ट्रार के रूप में कार्य करेगा। मरीन अधिकारी और इंजीनियर विभिन्न सर्वेक्षण करने के लिए जिम्मेदार होंगे। सरकार ने यह कदम 18 जनवरी को हरणी नाव दुर्घटना में 14 लोगों की मौत के बाद उठाया है। उल्लेखनीय है कि मृतकों में न्यू सनराइज स्कूल के 12 छात्र और दो शिक्षक शामिल थे।

# हरविंदर कल्याण बने विधानसभा अध्यक्ष मनोहर के करीबी मिड्डा डिप्टी स्पीकर



**हरियाणा।** हरियाणा विधानसभा स्पीकर और डिप्टी स्पीकर चुन लिए गए हैं। नए स्पीकर के तौर पर घरौंडा से विधायक हरविंदर कल्याण को चुना गया है। वहीं, जींद से विधायक कृष्ण मिड्डा को डिप्टी स्पीकर बनाया गया है। हरियाणा विधानसभा का 15वां सत्र आज से शुरू हो गया है। विधानसभा सत्र के दौरान नए स्पीकर और डिप्टी स्पीकर को भी चुना गया है। करनाल के घरौंडा से विधायक हरविंदर कल्याण हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। हरविंदर कल्याण ने कुर्सी ग्रहण करते हुए अपना पदभार संभाल लिया है। वहीं जींद से विधायक कृष्ण मिड्डा डिप्टी स्पीकर बनाया गया है। हरविंदर कल्याण तीसरी बार लगातार घरौंडा से विधायक बने हैं। रोड बिरादरी के होने के कारण हरविंदर कल्याण का इसलिए भी बनना तय माना जा रहा था क्योंकि जाति और भौगोलिक समीकरणों के दृष्टिगत भाजपा द्वारा गठित मंत्रिमंडल में रोड बिरादरी को अभी तक कोई स्थान नहीं मिला है। सदन में हल्के फुल्के मूड में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि स्पीकर महोदय मेरा सुझाव और अनुभव है कि इस सदन में दो आदमी महिपाल ढांडा और अनिल विज चुप रहेंगे तो सदन बिल्कुल सही चलेगा। उनकी इस बात पर सदन में मौजूद सभी लोग जोर जोर से हंसने लगे।

वहीं, डिप्टी स्पीकर के लिए यह भी कयास लगाया जा रहे थे कि भाजपा इस पद के लिए किसी पंजाबी विधायक को नियुक्त कर सकती है। पंजाबी समुदाय के 11 उम्मीदवार उतारे थे, इनमें से आठ उम्मीदवार जीत कर आए हैं।

आठ पंजाबी विधायकों में से भाजपा ने सिर्फ अनिल विज को मंत्री को बनाया है। बाकी सात मंत्री रह गए हैं। ऐसे में भाजपा एक और पंजाबी को डिप्टी स्पीकर पद पर नियुक्त कर सकती है। इसके लिए दो नाम चल रहे थे, इनमें जींद के विधायक डा. कृष्ण लाल मिड्डा और दूसरे यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा थे। अब डिप्टी स्पीकर का पद मिड्डा को दिया गया है। मिड्डा मनोहर लाल के करीबी हैं।

# तनाव के बाद धारा 163 लागू, अतिरिक्त पुलिस बल मंगवाया...




**उत्तारकाशी।** मस्जिद के विरोध में जनाक्रोश रैली निकालने वाले प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच पथराव और लाठीचार्ज की घटना के बाद बीते गुरुवार रात जनपद में धारा 163 लागू कर दी गई थी। इसे लेकर शुक्रवार आज सुबह पुलिस ने अनाउंसमेंट कर लोगों को इसकी जानकारी दी। शहर में तनाव की स्थिति को देखते हुए अन्य जनपदों से अतिरिक्त पुलिस बल मंगवाया गया है। मामले में अब एक और बड़ा अपडेट सामने आया है। मस्जिद के खिलाफ जनाक्रोश रैली बुलाने वाले एक समुदाय के धार्मिक संगठन ने चार नवंबर को महापंचायत बुलाई है। दीपावली के त्योहार को लेकर फिलहाल कोई आंदोलन नहीं किया जाएगा।

चार नवम्बर को ही आगे आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। यह निर्णय विश्वनाथ मंदिर सभागार में बैठक कर लिया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने बताया कि मामले में आठ के खिलाफ नामजद और 200 अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

जनाक्रोश रैली बुलाने वाले एक समुदाय के धार्मिक संगठन का कहना है कि यह व्यापारियों की इच्छा है कि वह लाठीचार्ज की घटना के विरोध में अपने प्रतिष्ठान बंद रखें या नहीं। उन्होंने कहा कि वह बाजार बंद कराने के लिए कोई जोर जबरदस्ती नहीं करेंगे।

### पुलिस नियमों का अनुपालन करने के लिए कर रही अपील

दूसरी तरफ घटना के विरोध में व्यापार मंडल के आह्वान पर सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखने का निर्णय लिया गया है। नगर पंचायत में स्थित व्यापारिक प्रतिष्ठानों सहित दुग्ध डेयरी, सब्जी विक्रेता, और मेडिकल स्टोर भी बन्द हैं। व्यापार मंडल ने अपने ग्रुप में दुकान खोलने वाले व्यापारी के विरुद्ध कारावाई की चेतावनी प्रसारित की है।

एसओ दीपक कठैत ने हिन्दू जागृति सगठंन के लोगों से सम्पर्क करते हुए नियमों का अनुपालन करने व जुलूस प्रदर्शन न करने की अपील कर रहे हैं। क्योंकि उत्तरकाशी जिले में धारा 163 लगी हुई है। उत्तरकाशी में गुरुवार को मस्जिद विवाद ने बवाल का रूप ले लिया। एक समुदाय के धार्मिक संगठन ने मस्जिद के खिलाफ जनाक्रोश रैली निकाली। पुलिस ने मस्जिद की ओर जाने वाली सड़क पर बैरिकेडिंग लगा दिए, जिससे गुस्साए प्रदर्शनकारी पुलिसकर्मियों से भिड़ गए। करीब ढाई घंटे तक गतिरोध की स्थिति बनी रही। इस बीच कहीं से पुलिस की ओर बोतल फेंकी गई, जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ा। इससे गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव कर किया। पथराव और लाठीचार्ज में प्रदर्शनकारी व पुलिस कर्मी सहित 27 लोग घायल हुए हैं। शहर में देर शाम तक तनाव का माहौल बना हुआ है। शहर में मस्जिद के खिलाफ एक समुदाय के धार्मिक संगठन की जनाक्रोश रैली को हल्के में लेना प्रशासन के लिए भारी पड़ा। यहां लाठीचार्ज शुरू होने के बाद डीएम और एसपी पहुंचे। जबकि प्रदर्शनकारी डीएम और एसपी से मौके पर बुलाने की मांग कर रहे थे। उनका कहना है कि यदि उन्हें आगे नहीं जाने दिया जा रहा है तो डीएम और एसपी आएं, उनसे बात करेंगे। इसके बावजूद अधिकारी नहीं पहुंचे। जिला मुख्यालय में मस्जिद को लेकर जनाक्रोश रैली पहले से तय थी। भीड़ के उग्र होने की भी आशंका जताई जा रही थी। बृहस्पतिवार को रैली में शामिल लोगों को एक जगह करीब ढाई घंटे तक रोकने से भीड़ उग्र होती चली गई।

# भाजपा उम्मीदवार अनुजेश यादव ने करहल से दाखिल किया नामांकन



**मैनपुरी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट से अनुजेश यादव को उम्मीदवार बनाया है। उम्मीदवार बनाए जाने के बाद शुक्रवार को अनुजेश यादव ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान योगी सरकार के मंत्री जयवीर सिंह, असीम अरुण और नरेंद्र कश्यप मौजूद रहे। नामांकन के बाद असीम अरुण ने प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि भाजपा ने यहां से मजबूत उम्मीदवार मैदान में उतारा है। उनका जमीन से हर वक्त वास्ता रहा है। मुझे उम्मीद है कि जनता उनको जिताने का काम करेगी। यहां भाजपा के पक्ष में बेहतर परिणाम मिलेगा। करहल की जनता इस बार सपा को खारिज करके भाजपा उम्मीदवार को सेवा का मौका देने जा रही है। वहीं करहल से उम्मीदवार बनाए जाने के बाद अनुजेश यादव ने कहा कि मैं प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व का दिल से आभार जताता हूं। मैं पार्टी के प्रति वफादार था इसलिए भारतीय जनता पार्टी ने मुझ पर भरोसा किया। मेरे परिवार से मेरी मां यहां से विधायक रही हैं और मुझे उम्मीद है कि जनता मुझ पर भरोसा जताएगी। यहां का विकास हमारी प्राथमिकता रहेगी। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले की करहल विधानसभा सीट से अनुजेश यादव उम्मीदवार बनाए जाने पर सियासत तेज हो चली है। करहल सीट सपा का गढ़ मानी जाती है। अनुजेश यादव मुलायम सिंह की भतीजी और सांसद धर्मेंद्र यादव की बहन संध्या यादव के पति हैं। संध्या उर्फ बेबी यादव 2015 से 2020 तक मैनपुरी की जिला पंचायत अध्यक्ष रहीं, जबकि अनुजेश खुद इसी दौरान फिरोजाबाद से जिला पंचायत सदस्य थे। समाजवादी पार्टी (सपा) के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के दामाद अनुजेश यादव सपा उम्मीदवार तेज प्रताप यादव के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। अनुजेश यादव सपा के प्रत्याशी तेज प्रताप यादव के फूफा लगते हैं। ऐसे में अब करहल सीट पर फूफा और भतीजे आमने-सामने होंगे। अनुजेश यादव सपा सांसद धर्मेंद्र यादव के सगे बहनोई हैं। उनकी बहन संध्या यादव से अनुजेश यादव की शादी हुई है। ऐसे में इस सीट पर दिलचस्प चुनावी लड़ाई के आसार है। साल 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के बाद करहल सीट अखिलेश यादव के पास थी। इस साल की शुरूआत में उनके लोकसभा के लिए चुने जाने के बाद यह सीट खाली हो गई थी। उनकी जगह इस बार अखिलेश के भतीजे तेज प्रताप यादव चुनाव लड़ रहे हैं, जो मुलायम सिंह यादव के बड़े भाई रतन सिंह यादव के पोते और आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के दामाद भी हैं।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शनिवार 26 अक्टूबर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# चार मंत्रियों की टीम ने भरवाया संजीव शर्मा का नामांकन पत्र

## नवयुग मार्केट में हवन के साथ हुई नामांकन जनसभा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** शहर सीट पर होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए संजीव शर्मा ने शुक्रवार को नामांकन किया। नामांकन से पूर्व सुबह करीब 8:30 अपने शालीमार गार्डन स्थित आवास से नवयुग मार्केट के लिए चले। नवयुग मार्केट में संजीव शर्मा जैसे ही पहुंचे गाड़ी से उतरते ही उनका ढोल नगाड़ों और लोगों ने पुष्प वर्षा व पार्टी का प्रतीक चिन्ह वाला पटका पहनकर स्वागत किया गया। जिसके बाद नवयुग मार्केट में उनके कार्यालय पर हवन-पूजन हुआ और इसके बाद नामांकन सभा का शुभारंभ किया गया। नामांकन सभा के लिए पहुंचने वालों की संख्या भीड़ में तब्दील हो चुकी थी और भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख नेताओं से लेकर संगठन और सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व महापौर से लेकर भाजपा के संगठन और कार्यकर्ताओं की भीड़ यहां उनके नामांकन जनसभा में नजर आई।







### 23 नवंबर को मनेगी दीपावली : सत्येंद्र सिसोदिया

**करंट क्राइम ।** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया संजीव शर्मा को अपना आशीर्वाद देने और नामांकन जनसभा में पहुंचे थे। उन्होंने शीर्ष नेतृत्व और पार्टी आलाकमान का धन्यवाद दिया कि एक कार्यकर्ता के रूप में संजीव शर्मा को चुना गया है। जो बेहतर ढंग और तालमेल के साथ संगठन चलाने के बाद अब विधायक का जिम्मा भी संभालेंगे। इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने और वोटरों को घर से निकलने का पाठ भी पढ़ाया। तो वहीं उन्होंने कहा है कि 23 नवंबर को संजीव शर्मा की रिकार्ड मतों से जीत होगी और भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता 23 नवंबर को दोबारा से दीपावली मनाने का काम करेगा।

## भाजपा के सांसद, विधायक, मंत्री, पूर्व जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ताओं की उमड़ी भीड़





### राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप भी रहे संजीव के साथ-साथ

**करंट क्राइम ।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप भी संजीव शर्मा को भारतीय जनता पार्टी द्वारा शहर विधानसभा सीट उपचुनाव में प्रत्याशी घोषित होने से खुश नजर आए। उन्होंने संजीव शर्मा का स्वागत किया और कहा कि पार्टी ने सही निर्णय किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि संजीव शर्मा का जैसा सरल स्वभाव और सबको साथ लेकर चलने की उनकी आदत है। उसका नतीजा उनको संगठन से लेकर अब विधायकी के रूप में भी देखने को मिलेगा। उन्होंने संजीव शर्मा की जीत की घोषणा करते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी इस बार



### कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने भी दिया आशीर्वाद, कहा रिकार्ड मतों से होगी भाजपा की जीत

**करंट क्राइम ।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और साहिबाबाद से विधायक सुनील शर्मा भी संजीव शर्मा के नामांकन के लिए नवयुग मार्केट पहुंचे थे। उन्होंने इस दौरान अपना आशीर्वाद दिया तो उन्होंने यह भी कहा है कि पोलिंग परसेंटेज को बढ़ाने पर ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा है कि अगर हम पोलिंग परसेंटेज बढ़ाने में कामयाब रहे तो संजीव शर्मा की होने वाली जीत शहर सीट पर रिकार्ड मतों की जीत होगी। सुनील शर्मा नामांकन सभा के बाद नामांकन करने के लिए नामांकन स्थल पर भी मौजूद रहे।

### जब अतुल गर्ग ने अपने अंदाज में कहा अब लगेंगे सबसे अच्छे विधायक के पोस्टर



**करंट क्राइम ।** अतुल गर्ग अपनी अलग शैली के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने संजीव शर्मा की नामांकन सभा में माइक संभाला तो कहा कि एक कार्यकर्ता को टिकट मिला है यह सबसे बड़ी बात है। उन्होंने इसके लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद दिया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अब शहर में सबसे अच्छे विधायक के बोर्ड लगेंगे। उन्होंने इसके साथ ही सभी को हंसाने के लिए कहा कि भले संजीव शर्मा सबसे ज्यादा मतों से जीते तो उनको खुशी होगी। उनकी विधानसभा भी है और उन्होंने यह भी कह दिया कि जब तक संजीव शर्मा विधायक नहीं बन जाते तब तक वह ही विधायक थे, विधायक हैं और विधायक रहेंगे। इस दौरान अतुल गर्ग ने सभी कार्यकर्ताओं और उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों से कहा है कि संजीव शर्मा की विजय हो, इसके लिए सभी को 13 नवंबर तक मेहनत करनी होगी।

## संजीव शर्मा के नामांकन में मौजूद रहे चार मंत्री, सांसद, विधायक और मेयर







**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** संजीव शर्मा करीब 12:15 बजे के आसपास नामांकन करने के लिए नामांकन स्थल पर पहुंचे थे। संजीव शर्मा के साथ नामांकन वाले स्थल पर गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग उनकी गाड़ी में सवार होकर आए थे। साथ में गाजियाबाद चुनाव प्रभारी कुंवर बृजेश सिंह के साथ ही राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी के साथ ही गाजियाबाद की प्रथम नागरिक मेयर सुनीता दयाल पहुंची थीं। वहीं पूर्व विधायक कृष्णवीर सिंह सिरोही भी मौजूद रहे।

### पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल ने पार्टी को दिया धन्यवाद, कहा संजीव शर्मा बेमिसाल



**करंट क्राइम ।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल भी संजीव शर्मा के नामांकन सभा में मौजूद रहे। उन्होंने सबसे पहले पार्टी को एक कार्यकर्ता और संजीव शर्मा जैसे जुझारू व्यक्ति को चुने जाने के लिए बधाई दी। साथ ही उन्होंने कहा कि संजीव शर्मा की शहर विधानसभा सीट पर जीत सुनिश्चित है। सभी को मेहनत करनी है और ओवर कॉन्फिडेंस में नहीं आना है। मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करना है और घरों से निकालने का काम करना है।



### सपा को उम्मीदवार नहीं मिले, किराए पर दिया गया टिकट : बृजेश सिंह

**करंट क्राइम ।** नामांकन ने पूर्व प्रदेश सरकार में मंत्री और गाजियाबाद प्रभारी बृजेश सिंह ने कहा समाजवादी पार्टी को उम्मीदवार भी नहीं मिल रहा हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी को किराए पर पार्टी लेकर आई है। वहीं हरियाणा में बड़ी जीत हुई है। उन्होंने कहा है कि संजीव शर्मा पार्टी के कार्यकर्ता हैं और महानगर अध्यक्ष हैं। विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि, पहले की सरकार में सड़कों पर गड्डे बने रहते थे लेकिन आज हाइवे पर बड़े बड़े काम हो रहे हैं। भाजपा बड़े बहुमत तक सीट जीतेगी। आपको बता दें कि, अतुल गर्ग के सांसद बनने के बाद गाजियाबाद सीट रिक्त थी, जिस वजह से चुनाव कराया जा रहा है।



### संजीव शर्मा ने चार जातियों के बनाए थे प्रस्तावक

**करंट क्राइम ।** भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा उपचुनाव के उम्मीदवार संजीव शर्मा ने प्रस्तावक बनाने के मामले में जातिगण समीकरण बैठाए थे। संगठन और पदाधिकारियों द्वारा राम अवतार जिंदल जो कि वैश्य वर्ग से आते हैं। वहीं कृष्णवीर यादव ओबीसी वर्ग, चंद्रभान जो कोरी समाज से हैं और संतोष कुमार वाल्मीकि समाज से आने वाले हैं। इन सभी को अपना प्रस्तावक बनाया था। संजीव शर्मा द्वारा कुल चार सेट भरे गए, जिसमें संजीव शर्मा के अनुमोदक के रूप में कृष्णवीर सिरोही पूर्व विधायक एवं आय व्यय का लेखा-जोखा नीतिश शर्मा को सौंपा गया है।

### पूर्व महापौर आशा शर्मा ने संजीव शर्मा को बताया सफल अध्यक्ष



**करंट क्राइम।** पूर्व महापौर आशा शर्मा ने संजीव शर्मा को शहर सीट से विधानसभा उपचुनाव में चुने जाने की बधाई दी। साथ ही उन्होंने कहा कि संजीव शर्मा उनका छोटे भाई जैसा है। संजीव शर्मा ने संगठन में रहते हुए जिस तरीके से महानगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाई है, उसकी चर्चा सभी जगह होती है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से जीत के लिए मेहनत करती है और इस बार भी यही किया जायेगा। उन्होंने इस दौरान सांसद अतुल गर्ग की ओर इशारा किया, उनका नाम लिया और कहा कि संजीव शर्मा अभी से शहर विधायक हो गये हैं। यह सबको स्वीकार करना है। 13 नवंबर के दिन लोगों को घरों से बाहर मतदान के लिए निकालना है। इसी के जरिए संजीव शर्मा की जीत ऐतिहासिक और रिकार्ड मतों वाली हो पायेगी।

### पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी के पैर छूकर संजीव शर्मा ने लिया आशीर्वाद



**करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के शहर सीट से प्रत्याशी संजीव शर्मा के नामांकन कार्यक्रम में उनको आशीर्वाद देने वालों में पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं कई बार के विधायक रहे बालेश्वर त्यागी ने कहा कि संजीव को वह युवा अवस्था से देख रहे हैं। संजीव शर्मा सभी के साथ तालमेल बैठाकर चलते हैं। बड़ों का आदर और छोटो से स्नेह उनकी पहचान है। इस दौरान उन्होंने भाजपा के पदाधिकारियों से मतदाताओं को जागरूक करने की अपील की। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी जब नवयुग मार्किट पहुंचे थे तो भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा ने पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया और स्वागत भी किया।



### विपक्ष के झूठ का पुलिंदा टूट चुका है : संजीव शर्मा

**करंट क्राइम ।** नामांकन दाखिल करने के बाद संजीव शर्मा ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि, उन्हें कार्यकर्ताओं और लोगों का पूरा समर्थन मिल रहा है और जीत के प्रति वो आश्वत हैं। वहीं सभी विपक्षियों से वो अपना मुकाबला मानते हैं। उन्होंने कहा कि, निश्चित ही बीजेपी जीतेगी, हरियाणा में हमारी जीत हुई है। कार्यकर्ताओं में जोश में है। विपक्ष ने एक झूठ फैलाया था और उस झूठ का पुलिंदा टूट चुका है। समाजवादी पार्टी पहले मैदान में टिक नहीं पाएगी।

### संजीव शर्मा की प्रॉपर्टी का ब्योरा

| | | |
|---|---|---|
| पार्टी | - | भारतीय जनता पार्टी |
| नाम | - | संजीव शर्मा |
| पता | - | शालीमार गार्डन |
| चल संपत्ति | - | 59.21 लाख रुपये |
| अचल संपत्ति | - | 18.65 लाख रुपये |
| आजीविका का साधन | - | व्यापार |
| शिक्षा | - | बीकॉम |
| आपराधिक मामला | - | एक |
| कर्ज | - | शून्य |

### इनकी रही मौजूदगी

करंट क्राइम : शहर सीट से संजीव शर्मा का नामांकन था, नामांकन के दौरान भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष पदाधिकारियों की लंबी चौड़ी टीम यहां मौजूद रही। पूर्व महापौर आशा शर्मा, महिला सयोजिका डॉ उदिता त्यागी, रनीता सिंह, पूर्व पार्षद मीना भंडारी, प्रदीप चौहान, बिमला रावत ,तो नगर निगम के पार्षद नरेश भाटी, राजकुमार भाटी , पार्षद सचिन डागर, कविता भाटी, पूर्व पार्षद अभिनव जैन, सुनील यादव, राजीव अग्रवाल, पृथ्वी सिंह, वरिष्ठ पत्रकार राज कौशिक, अश्विनी शर्मा, गुंजन शर्मा, अंकुश अरोड़ा, मनीष चौधरी , अजय चौधरी, संजीव झा, वेद प्रकाश सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

### संजीव शर्मा पर है 59.21 लाख रुपये की चल संपत्ति

**करंट क्राइम ।** भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के पास 59.21 लाख रुपये की चल संपत्ति और 18.65 लाख रुपये की अचल संपत्ति हैं। उनकी पत्नी रितु शर्मा पेशे से सरकारी अध्यापिका हैं। उनके पास 61.16 लाख रुपये की चल संपत्ति और 1.34 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति है। संजीव के पास नकदी के रूप में 42 हजार रुपये भाजपा प्रत्याशी के पास स्कूटी है जबकि उनकी पत्नी के पास कार है। संजीव शर्मा की पिछले वित्तीय वर्ष में कमाई 5.24 लाख रुपये है जबकि उनकी पत्नी की कमाई 9.41 लाख रुपये है। संजीव ने खुद के पास नकदी 42 हजार रुपये बताई है जबकि उनकी पत्नी के पास 65 हजार रुपये है।



## संपादकीय

# नये खाद्य निर्देश

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने निर्देश दिया है कि खाद्य पदार्थों की पैकिंग पर पोषण से संबंधित जानकारी बड़े अक्षरों में दी जानी चाहिए. इससे ग्राहकों को खरीद के समय उचित निर्णय करने में मदद मिलेगी. खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता तथा ग्राहकों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। खाने-पीने की चीजों में चीनी, नमक, वसा जैसे तत्वों की अधिकता कई बीमारियों की वजह बन रही है. किसी वस्तु में क्या सामग्री इस्तेमाल की गयी है और उससे कितना पोषण मिल रहा है, ऐसी सूचनाओं को आम तौर पर इतने महीन अक्षरों में छापा जाता है कि लोगों का ध्यान ही नहीं जाता. हमारे देश में डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, एलर्जी जैसी स्वास्थ्य समस्याओं में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है. लोग चीनी, नमक, वसा आदि के उपभोग को लेकर सचेत भी हो रहे हैं।

अधिक कैलोरी लेना मोटापे और दिल की बीमारियों का कारण बन सकता है. अगर खाद्य पदार्थ के बारे में ठीक से सूचना मुहैया करायी जायेगी, तो लोग संभावित नुकसान से बच सकेंगे. कुछ समय से सरकार ने पोषण और स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार के लिए अनेक कदम उठाये हैं। नये खाद्य निदेशों को उसी कड़ी में देखा जाना चाहिए. हाल में केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने आयुर्वेदिक, सिद्ध, यूनानी और होम्योपैथिक दवाएं बनाने वाली कंपनियों को चेतावनी दी थी कि वे भ्रामक विज्ञापन न दें और दवाओं के प्रभाव के संबंध में निराधार दावे न करें. कई दवा उत्पादों पर ह्यसौ फीसदी सुरक्षित, स्थायी उपचार, पूर्णत: शाकाहारी उत्पाद या ह्यमंत्रालय द्वारा स्वीकृत जैसी भ्रामक बातें लिखी होती हैं. बहुत से उत्पादों पर तो उनमें प्रयुक्त वस्तुओं का पूरा विवरण भी नहीं दिया जाता. बड़े शहरों में कई ऐसे रेस्तरां हैं, जहां खाद्य विभाग के निदेशों की अनदेखी के मामले सामने आये हैं, इस बारे में भी कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

अप्रैल में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने ई-कॉमर्स कंपनियों को अपने एप और वेबसाइट से हेल्थ ड्रिंक्स श्रेणी से सभी पेय उत्पादों को हटाने का निर्देश दिया था. उसी माह भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने ई-कॉमर्स कंपनियों को निर्देश दिया था कि वे खाद्य उत्पादों का समुचित श्रेणीकरण सुनिश्चित करें. खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 में स्वास्थ्य पेय जैसी किसी श्रेणी कोपरिभाषित नहीं किया गया है. चिकित्सक सलाह देते रहते हैं कि खाद्य पदार्थ खरीदने या खाने से पहले उसमें इस्तेमाल चीजों, कैलोरी आदि के बारे में पड़ताल करनी चाहिए. नये निदेशों से ऐसा करने में सहूलियत होगी।

## केंद्र सरकार के पेंशन भोगियों को 80 वर्ष की उम्र के बाद मिलेगी अतिरिक्त अनुकंपा पेंशन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के 80 वर्ष या इससे अधिक उम्र के पेंशन भोगियों को अब सरकार अतिरिक्त पेंशन का लाभ देगी। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय की एक हालिया अधिसूचना के अनुसार, केंद्र सरकार के इन पेंशन भोगियों को अनुकंपा भत्ता नामक अतिरिक्त पेंशन मिलेगी। पेंशन मंत्रालय ने 80 वर्ष की आयु वाले केंद्र सरकार के सिविल सेवा से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए पेंशन को लेकर नए दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। दिशा-निर्देशों का उद्देश्य इन अतिरिक्त भत्तों को वितरित करने की प्रक्रिया को सरल बनाना है। सीसीएस (पेंशन) नियम 2021 के नियम 44 के उप नियम 6 के प्रावधानों के अनुसार, सेवानिवृत्त




सरकारी कर्मचारी द्वारा 80 वर्ष या उससे अधिक आयु पूरी करने के बाद नियमों के तहत पेंशन और अनुकंपा भत्ता दिया जाएगा। इसके अनुसार, 80 से 85 वर्ष की आयु वाले वरिष्ठ नागरिक मूल पेंशन के 20 प्रतिशत के लिए पात्र हैं, जबकि 85 से 90 वर्ष की आयु वाले पेंशनभोगियों को 30 प्रतिशत मिलेगा। 90 से 95 वर्ष की आयु वाले बुजुर्ग मूल पेंशन के 40 प्रतिशत के लिए पात्र होंगे और 95 से 100 वर्ष की आयु वाले लोगों को 50 प्रतिशत मिलेगा। 100 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले सुपर सीनियर मूल पेंशन के 100 प्रतिशत के लिए पात्र होंगे। अधिसूचना में कहा गया है, उदाहरण के लिए, 20 अगस्त 1942 को जन्मे पेंशनभोगी 1 अगस्त 2022 से मूल पेंशन के बीस प्रतिशत की दर से अतिरिक्त पेंशन के लिए पात्र होंगे। 1 अगस्त 1942 को जन्मे पेंशनभोगी भी 1 अगस्त 2022 से मूल पेंशन के बीस प्रतिशत की दर से अतिरिक्त पेंशन के लिए पात्र होंगे। इसके अलावा, पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग की अधिसूचना में कहा गया है कि अतिरिक्त पेंशन या अनुकंपा भत्ता उस महीने के पहले दिन से प्रभावी होगा, जब पेंशनभोगी तय की गई आयु तक पहुंच जाएगा। यह अतिरिक्त पेंशन भुगतान पेंशनभोगियों को बढ़ती उम्र के साथ जीवन-यापन की बढ़ती लागत का प्रबंधन करने में सहायता करने के लिए बनाया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी पात्र पेंशनभोगियों को बिना देरी के उनका उचित लाभ मिले, पेंशन और पेंशन वितरण में शामिल सभी विभागों और बैंकों को परिवर्तनों के बारे में सूचना प्रसारित करने का निर्देश दिया गया है।

# छोटे उद्यमियों को सरकार ने दिया दिवाली का तोहफा


## मुद्रा योजना के तहत अब मिलेगा 20 लाख तक का लोन



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई 2024 को केंद्रीय बजट 2024-25 पेश करते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत सीमा मौजूदा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये की जाएगी।

सरकार की ओर से अब इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। आइए इस रिपोर्ट में सरकार के इस फैसले के बारे में विस्तार से जानें। सरकार ने देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत ऋण सीमा दोगुनी कर 20 लाख रुपये कर दी है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में इसकी पुष्टि की। मंत्रालय ने कहा कहा, इस वृद्धि के जरिये हम मुद्रा योजना के समग्र उद्देश्य को आगे बढ़ाना चाहते हैं। इस संबंध में गुरुवार को अधिसूचना जारी की गई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई 2024 को केंद्रीय बजट 2024-25 पेश करते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत सीमा मौजूदा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये की जाएगी। सीतारमण ने लोकसभा में बजट पेश करते हुए कहा था, उन उद्यमियों के लिए मुद्रा ऋण की सीमा मौजूदा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये की जाएगी, जिन्होंने तरुण श्रेणी के तहत पहले कर्ज लिया और उसे सफलतापूर्वक चुकाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठ अप्रैल 2015 को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) पेश की थी। इसका उद्देश्य गैर-कॉर्पोरेट, गैर-कृषि लघु एवं सूक्ष्म उद्यमियों को आय-उत्पादक गतिविधियों के लिए 10 लाख रुपये तक का आसान जमानत-मुक्त सूक्ष्म ऋण उपलब्ध कराना है। मौजूदा योजना के तहत बैंक तीन श्रेणियों शिशु (50,000 रुपये तक), किशोर (50,000 रुपये से 5 लाख रुपये के बीच) और तरुण (10 लाख रुपये) के तहत 10 लाख रुपये तक का जमानत-मुक्त ऋण मुहैया कराती है।

## शेयर बाजार में बड़ी गिरावट, सेंसेक्स 700 से ज्यादा अंक गिरा



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। शुक्रवार को सीमित दायरे में खुलने के बाद दोपहर के कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 766.69 अंक या 0.96 प्रतिशत गिरने के बाद 79,298.47 पर कारोबार कर रहा है। वहीं, एनएसई का निफ्टी 270 अंक या 1.11 प्रतिशत गिरने के बाद 24,129.40 पर आ गया है। निफ्टी बैंक की बात करें तो यह 943.10 अंक या 1.83 प्रतिशत गिरने के बाद 50,588 पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा, निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,024.95 अंक या 1.82 प्रतिशत की भारी गिरावट के बाद 55,324.80 पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 382.50 अंक या 2.10 प्रतिशत गिरने के बाद 17,866.65 पर आ गया है। बाजार का रुझान नकारात्मक बना हुआ है। एनएसई पर दिन के कारोबार में करीब 302 शेयर हरे निशान पर कारोबार कर रहे हैं। वहीं, 2187 शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं। निफ्टी के ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, मेटल, रियल्टी, मीडिया, इंफ्रा सेक्टर में भारी बिकवाली देखने को मिल रही है। वहीं, फार्मा और एफएमसीजी सेक्टर में खरीदारी हो रही है। निफ्टी पैक में इंडसइंड बैंक टॉप लूजर बना हुआ है। इंडसइंड बैंक के शेयर शुक्रवार को 18.54 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के बाद 1,042.70 रुपये पर आ गए। ऋणदाता ने सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही के लिए शुद्ध लाभ में सालाना आधार पर 39 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की थी। इसके अलावा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, श्री राम फाइनेंस और बीपीसीएल के शेयर्स में भी भारी गिरावट देखने को मिली है। शुरूआती कारोबार में ऑटो, आईटी फिन सर्विसेज और पीएसयू बैंक सेक्टर में खरीदारी देखने को मिली थी। बीएसई का सेंसेक्स 74.14 अंक या 0.09 प्रतिशत की तेजी के बाद 80,139.30 पर कारोबार कर रहा था। वहीं, एनएसई का निफ्टी 18.65 अंक या 0.08 प्रतिशत चढ़ने के बाद 24,418.05 पर कारोबार की शुरूआत कर रहा था। बाजार के जानकारों के अनुसार, एफआईआई द्वारा भारी, निरंतर और अभूतपूर्व बिकवाली के साथ, जो इस महीने 24 तारीख तक 98085 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है, गिरावट पर खरीदारी की रणनीति काम नहीं कर रही है।

## राशिफल

**मेष:** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। गृहिणियां विशेष सावधानी रखें।

**वृष:** अविवाहितों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मिथुन:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शत्रुता में वृद्धि हो सकती है। भूमि व भवन के खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। बड़ा लाभ के योग हैं।

**कर्क:** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**सिंह:** पुराने शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है, धैर्य रखें।

**कन्या:** परिवार के छोटे सदस्यों के अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लापरवाही न करें। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी।

**तुला:** थकान महसूस होगी। शारीरिक आराम की आवश्यकता रहेगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृश्चिक:** शरीर साथ नहीं देगा। स्वास्?थ्य का ध्यान रखें। उत्साह बढ़ेगा। कार्य की बाधा दूर होकर स्थिति लाभप्रद रहेगी।

**धनु:** प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेगी।

**मकर:** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास मनोनुकूल रहेंगे।

**कुंभ:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। योजना में परिवर्तन हो सकता है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन:** अनहोनी की आशंका रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

## चुटकुले

पत्नी- पहले मेरी कमर पेप्सी की बोतल की तरह थी
सुसराल में आकर बुरा हाल हो गया...
पति- अब भी तुम्हारी कमर पेप्सी की बोतल की तरह है
फर्क इतना है कि वह बोतल अब 300 एमएल की नहीं,
बल्कि 2 लीटर की है।

---

सहेली- मैं तो लुट गई, बर्बाद हो गई
पिंकी- क्यों पति में पिटाई की क्या?
सहेली- मेरे पति का ऑफिस में एक लड़की से चक्कर चल रहा है
पिंकी- तुमको कैसे पता?
सहेली- मेरे बॉयफ्रेंड ने कल उनको एक लड़की के साथ देखा था...

---

लड़की- सुन जानू, गूगल मेल होता है या फीमेल...
लड़का- बेबी फीमेल होता है...
लड़की- क्यों..
लड़का- क्योंकि अपना सेंटेन्स पूरा होने से पहले ही वो उसका सजेशन देना शुरू कर देता है...




## मोर्चा छोड़ा किसी ने, सजा मिली किसको

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में इन दिनों एक जोन का मामला शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। कभी इस जोन के मामले की गूंज मीटिंग में सुनाई दे रही है तो कभी इसकी चर्चा कई अन्य थानों के प्रभारियों के बीच भी सुनाई दे रही है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम वाले विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि देहात जोन में क्राइम कंट्रोल स्वॉट को संभालने वाले एक थ्री-स्टार पर एक्शन वाली कार्रवाई हुई है। बताया जा रहा है वैसे देहात में क्राइम पर काम करने वाले थ्री-स्टार का इस मामले में सीधा मतलब नहीं था लेकिन कहते हैं ना मोर्चा किसी ने छोड़ा और सजा किसी को मिली। बताया जा रहा है कि पहले भी देहात से एक बार सजा पाने वाले थ्री-स्टार को देहात जोन में दूसरी बार सजा मिली है। पहले उनको लाइन का रास्ता दिखाया गया है और इस बार भी सजा सेम है। वैसे उनके चर्चे टीआरपी में इस कमिश्नरेट और इससे पहले वाले दोनों कमिश्नरेट में रहे हैं। कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि वैसे क्राइम कंट्रोल और जिंदादिली के लिए जाने जाने वाले इस थ्री-स्टार स्तर पर कार्रवाई से क्राइम कंट्रोल वाली टीम काफी टेंशन में आ गई है। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि देखना होगा कि



इस मामले में टेंशन की रफ्तार यही तक सिमटी है या इसकी चपेट में कोई अन्य थाना प्रभारी भी आने वाले दिनों में गिरफ्त में सकता है। उधर बताया जा रहा है कि अधिकारियों तक जो बात पहुंचाई गई है, उसमे सारा का सारा मामला थाना प्रभारी से हटकर क्राइम वालों पर डाल दिया गया है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में जिस प्रकार से थ्री-स्टार पर फिर कार्रवाई वाला एक्शन हुआ है, उसकी चर्चा थम नहीं रही है। सूत्र बता रहे हैं कि इस पूरे मामले को लेकर शीर्ष अधिकारी भी नाराज हैं। उधर बीते कई दिनों से लगातार ग्रामीण वाले साहब और उनकी टीम एक के बाद एक खुलासे और कैसे खोल रहे थे, पर इस मामले में खुलासे के बाद कार्रवाई वाला जो कांड हुआ है, उसकी गूंज कमिश्नरेट के तीनों जोन में सुनी जा सकती है। इसके साथ ही पुलिस महकमें इसकी चर्चा जोरों पर है। कोई कह रहा है कि मामला त्यौहारी और चुनावी की वजह से थोड़ा हल्का हो गया वरना रडार पर कई और पुलिसकर्मी भी आने वाले थे। कुल मिलाकर देखना होगा आने वाले दिनों में इस मामले को लेकर अधिकारियों का रुख कैसा रहता है।



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भगवा कमांडर के साथ चल रहे तुषार मित्तल मूल भाजपाई हैं और उन्होंने ये बात अपने कार्यकर्ता भाव से समझाई है। भगवा कमांडर संजीव शर्मा का टिकट घोषित होते ही तुषार मित्तल ने सबसे पहले अपने कारोबार टूर को रद्द किया और नामांकन जुलूस से लेकर चुनाव प्रचार में जुटने की प्लानिंग की। जिन्हें लगता है कि कम मतदान में भी कमल क्यों खिलता है वो देख ले कि जहां ऐसे कार्यकर्ता हैं वहां समर्पण भाव के साथ चुनाव काफिला चलता है।

दैनिक
करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।
करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार की जगह अब दिया जाएगा ये अवॉर्ड



**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्रालय ने बड़ा फैसला लेते हुए गुरुवार को इस वर्ष से ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार बंद करने का निर्णय लिया है। मंत्रालय के अनुसार, अब इसके स्थान पर अर्जुन लाइफटाइम पुरस्कार शुरू किया जाएगा। महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के नाम पर 2002 में स्थापित ध्यानचंद लाइफटाइम पुरस्कार ओलंपिक खेलों, पैरालंपिक खेलों, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों आदि खेलों में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को दिया जाता है। वर्ष 2024 के लिए राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 नवंबर है।

वर्ष 2023 में यह पुरस्कार पूर्व बैडिंटन खिलाड़ी मंजूषा कंवर, पूर्व हॉकी खिलाड़ी विनीत कुमार और कबड्डी खिलाड़ी कविता सेल्वराज को दिया गया। मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा, खेल पुरस्कारों के लिए विभिन्न योजनाओं को तर्कसंगत बनाया गया है जिसमें ध्यानचंद पुरस्कार के स्थान पर अर्जुन लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड शुरू किया गया है। जमीनी स्तर पर कोच के प्रयासों को मान्यता देने के लिए अब वे द्रोणाचार्य पुरस्कार के लिए पात्र हैं।

खेल मंत्रालय ने बताया कि अर्जुन लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार की शुरूआत की गई है और यह खेल विकास में आजीवन योगदान के लिए दिया जाएगा। इसके अलावा खेलो इंडिया योजना को मान्यता देने के लिए खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों में ओवरऑल शीर्ष प्रदर्शन के लिए विश्वविद्यालय को मौलाना अब्दुल कलाम आजाद ट्रॉफी दी जाएगी।

# महान विश्वनाथन आनंद के बाद शतरंज में ऐसा करने वाले दूसरे भारतीय बने अर्जुन एरिगैसी

**नई दिल्ली।** अर्जुन एरिगैसी शतरंज की दुनिया में खूब नाम कमा रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है और इसका फायदा उन्हें रैंक में मिला है। 2003 में जन्मे अर्जुन ने पहले ही खुद को विश्व स्तर पर शीर्ष खिलाड़ियों में से एक के रूप में स्थापित कर लिया है और उनका वर्तमान फॉर्म उनके समर्पण, कौशल और निरंतर सुधार के बारे में बताता है।




## शतरंज ओलंपियाड में निभाई थी महत्वपूर्ण भूमिका

हाल ही में अर्जुन ने भारत की ऐतिहासिक शतरंज ओलंपियाड जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हंगरी के बुडापेस्ट में अर्जुन का प्रदर्शन शानदार रहा था। भारत के लिए तीसरे बोर्ड पर खेलते हुए उन्होंने 11 राउंड में नौ जीत और दो ड्रॉ दिए, जिससे भारत की टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान मिला। 2968 एलो की उनकी प्रदर्शन रेटिंग टूनार्मेंट में सर्वोच्च में से एक थी और उन्होंने कुल 19.2 रेटिंग अंक अर्जित किए। इस शानदार प्रदर्शन के साथ वह 2797.2 एलो की लाइव रेटिंग के साथ फैबियानो कारुआना को पछाड़ते हुए नंबर तीन की करियर-उच्च विश्व रैंकिंग पर पहुंच गए।

अर्जुन की शतरंज शैली पिछले कुछ वर्षों में काफी विकसित हुई है। उन्हें शुरू में एक स्थितिगत खिलाड़ी के रूप में जाना जाता था, लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने अपने खेल को समझा और कई सुधार किए और अब दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों में उनका नाम आता है। अर्जुन के ग्रैंडमास्टर बनने का सफर बहुत कम उम्र में शुरू हो गया था। उन्होंने 2017 में अपना अंतरराष्ट्रीय मास्टर खिताब अर्जित किया था और एक साल बाद 14 साल की उम्र में अपना ग्रैंडमास्टर खिताब हासिल किया। वह 14 साल की उम्र में विश्व युवा शतरंज चैंपियनशिप में अंडर -2017 डिवीजन में उपविजेता बने थे।

## हर तरह के शतरंज में माहिर हैं अर्जुन

अपने करियर के शुरूआती वर्षों में अर्जुन क्लासिकल शतरंज में 2500 रेटिंग रेंज में बने रहे। उन्होंने सितंबर 2021 में पहली बार 2600 रेटिंग हासिल की और रैपिड, ब्लिट्ज और ऑनलाइन शतरंज टूनार्मेंट में सफलता हासिल करना जारी रखा। टाटा स्टील इंडिया रैपिड टूनार्मेंट में उनकी जीत और टाटा स्टील इंडिया ब्लिट्ज में उनका दूसरा स्थान हासिल करना, जहां वह केवल आर्मगेडन टाई-ब्रेक में जीएम लेवोन एरोनियन से हार गए, ने विभिन्न प्रारूपों में उनकी बहुमुखी प्रतिभा को उजागर किया।

## ब्रेकआउट वर्ष और निरंतर सफलता

2022 अर्जुन के लिए एक ब्रेकआउट वर्ष था। उन्होंने वर्ष की शुरूआत शीर्ष -10 जूनियर के रूप में की और साल का अंत सुपर ग्रैंडमास्टर के रूप में किया। वह मार्च में भारत के शतरंज चैंपियन बने और जून में 2022 जूनियर स्पीड शतरंज चैंपियनशिप जीतकर निहाल सरीन का दो साल का सिलसिला खत्म किया। इन प्रदर्शनों ने विश्वनाथन आनंद, विदित गुजराती और हरिकृष्णा पेंटाला के बाद दुनिया के शीर्ष जूनियर और चौथे सबसे ऊंचे रैंक वाले भारतीय खिलाड़ी के रूप में उनकी स्थिति को मजबूत किया।

# भारतीय कुश्ती महासंघ ने विश्व चैंपियनशिप से नाम वापस लिया, वैश्विक संस्था को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ ने 28 अक्तूबर से तिराने (अल्बानिया) में शुरू होने जा रही 12 गैर ओलंपिक भार वर्ग की विश्व कुश्ती चैंपियनशिप से भारतीय टीम का नाम वापस ले लिया है। महासंघ ने कुश्ती की वैश्विक संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) को पत्र लिखकर खेल मंत्रालय पर उसकी स्वायत्ता में हस्तक्षेप का आरोप लगाया है। मंत्रालय ने कुश्ती महासंघ को 24 दिसंबर, 2023 से निलंबित कर रखा है। महासंघ ने यूडब्ल्यूडब्लयू को कहा है, उन्हें निलंबित करने का कोई आधार नहीं है। इस निलंबन की वजह से ही दिक्कतें आ रही हैं।




अदालत ने कुश्ती महासंघ के कामकाज पर रोक लगा रखी है। महासंघ ने चार अक्तूबर को अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए ट्रायल बुलाए, जिसके खिलाफ साक्षी मलिक के पति सत्यव्रत कादियां अवमानना का मामला लेकर अदालत में चले गए। महासंघ ने इसके बाद ट्रायल रोक दिए। हालांकि महासंघ ने प्रतिभा खोज अभियान चलाकर टीम चयनित की और इसे अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में भेजा, लेकिन अब उसने सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है। हालांकि पुरुष, महिला फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन में चार-चार पहलवानों की टीम भी चुनी जा चुकी है और पहलवानों का वीजा भी लग चुका है।

# न्यूजीलैंड को 301 रन की बढ़त: दूसरे दिन स्कोर 198/5 सुंदर ने 4 विकेट लिए; भारत पहली पारी में 156 पर ऑलआउट




**पुणे।** न्यूजीलैंड की टीम पुणे टेस्ट में मजबूत स्थिती में पहुंच गई है। शुक्रवार को दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक टीम ने 5 विकेट खोकर 198 रन बना लिए हैं। अब उसकी कुल बढ़त 301 रन की हो गई है। भारतीय टीम की पहली पारी 156 रन पर सिमट गई थी। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 259 रन बनाए थे।

दूसरी पारी में न्यूजीलैंड के लिए टॉम लैथम 86, विल यंग 23, डेरिल मिचेल 18, डेवोन कॉन्वे 17 और रचिन रवींद्र 9 रन बनाकर आउट हुए। भारत की ओर से अब तक वॉशिंगटन सुंदर ने 4 विकेट लिए। रविचंद्रन अश्विन को 1 विकेट मिला। सुंदर ने पहली पारी में भी 7 विकेट लिए थे।

टीम इंडिया ने 140 रन बनाने में आखिरी 9 विकेट गंवा दिए भारतीय टीम पहली पारी में 156 रन पर ऑलआउट हो गई है। शुक्रवार को टीम इंडिया ने 16/1 के स्कोर से खेलना शुरू किया और 140 रन बनाने में आखिरी 9 विकेट गंवा दिए।

भारतीय पारी में रवींद्र जडेजा ने सबसे ज्यादा 38 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल ने 30-30 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड की ओर से मिचेल सैंटनर ने 7 विकेट झटके। ग्लेन फिलिप्स को 2 विकेट मिले। टिम साउदी के खाते में एक विकेट आया।

गुरुवार को टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 259 रन बनाए थे। टीम इंडिया सीरीज में 0-1 से पिछड़ रही है।

# वॉर्नर की कप्तानी पर लगा लाइफटाइम बैन हटा

## 2018 में बॉल टेम्परिंग के दोषी पाए गए थे, सिडनी थंडर्स की कप्तानी कर सकेंगे

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वॉर्नर पर की कप्तानी पर लगा लाइफटाइम बैन हटा दिया गया है। साल 2018 में वॉर्नर को ऑस्ट्रेलिया में किसी भी टीम की कप्तानी करने पर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा जिंदगी भर के लिए बैन कर दिया गया था। अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के कंडक्ट कमीशन ने फैसले की समीक्षा करते हुए वॉर्नर से बैन हटाने का फैसला किया है।




बैन के हटने से उनके अगले इइछ सीजन में सिडनी थंडर्स की कप्तानी करने के कयास लगाए जा रहे हैं। डेविड वॉर्नर पर ये बैन साल 2018 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच में बॉल टेम्परिंग करने को लेकर लगा था। वॉर्नर के अलावा बॉल टेम्परिंग मामले में स्टीव स्मिथ और कैमरून बैनक्रॉफ्ट भी दोषी पाए गए थे, जिन्हें एक साल के लिए क्रिकेट से बैन कर दिया गया था।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपना फैसला वापस लिया डेविड वॉर्नर पर बैन लगाए जाने के 6 साल बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपना फैसला वापस ले लिया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से इसे लेकर एक प्रेस रिलीज जारी की गई, जिसमें बताया गया कि 25 अक्टूबर को कंडक्ट कमीशन के 3 सदस्यीय पैनल ने वॉर्नर पर लगे लाइफटाइम लीडरशिप बैन को हटाने का फैसला किया। पैनल ने पाया कि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के कोड ऑफ कंडक्ट में साल 2022 में जो बदलाव किए गए हैं, उसके मुताबिक बैन हटाने के नियमों पर वॉर्नर खरे उतरते हैं।

2022 में कप्तानी करने की अपील की थी डेविड वॉर्नर ने 2018 में अपने खिलाफ लाइफटाइम लीडरशिप बैन लगने के बाद ही वॉर्नर ने इसे वापस लिए जाने की अपील की थी। 2022 में खुद पर लगे बैन से वॉर्नर इतने तंग आ चुके थे कि उन्होंने अपील को वापस ले लिया था। अब 6 सालों के इंतजार के बाद आखिरकार वॉर्नर पर कप्तानी करने से लगी रोक हटा दी गई है। वॉर्नर पर ये रोक सिर्फ ऑस्ट्रेलिया तक ही सीमित थी।

# साक्षी-विनेश के बाद पहलवानों ने फिर शुरू किया धरना, खेल मंत्री के घर के बाहर लगा जमावड़ा

**नई दिल्ली।** बीते साल विनेश फोगाट, साक्षी मलिका और बजरंग पूनिया रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष के खिलाफ धरने पर बैठे थे। अब एक बार फिर पहलवानों ने खेल मंत्री के घर के खिलाफ जमावड़ा लगाया है। खिलाड़ी वर्ल्ड चैंपियनशिप में हिस्सा लेना चाहते हैं लेकिन रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के हाल के फैसले से यह संभव नहीं है। ऐसे में यह खिलाड़ी खेल मंत्री से अपनी गुहार लगाने पहुंचे हैं।






रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) ने गुरुवार को सीनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप से भारतीय टीम को हटा लिया था। उन्होंने विश्व संचालन संस्था वहह (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) को सूचित किया कि खेल मंत्रालय उसकी स्वायत्तता में हस्तक्षेप कर रहा है। पहलवान फेडरेशन के इस फैसले के खिलाफ हैं। वह चैंपियनशिप में हिस्सा लेना चाहते हैं और यही कारण है कि वह खेल मंत्री के घर के बाहर पहुंचे हैं।

सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 12 गैर-ओलंपिक श्रेणियों में 28 अक्टूबर से अल्बानिया के तिराना में होने वाली है। डब्ल्यूएफआई का कहना है कि कुछ पहलवानों के कारण अन्य पहलवानों को परेशानी उठानी पड़ रही है। पीटीआई ने डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र के हवाले से लिखा, ह्यसाक्षी मलिक के पति सत्यव्रत कादियान ने हाल में अदालत का दरवाजा खटखटाया था और कहा था कि डब्ल्यूएफआई पर अदालत की अवमानना का आरोप लगाया जाना चाहिए। अब हम विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम नहीं भेज पाएंगे। हमने यूडब्ल्यूडब्ल्यू को यह बता दिया है।

## मानसी भी पहुंचीं खेल मंत्री के घर के बाहर

जो खिलाड़ी खेल मंत्री के घर के बाहर पहुंचे हैं उनमें एशियन गेम्स खेल चुकी मानसी अहलावत शामिल हैं। मानसी साल 2023 में चीन में हुए एशियन गेम्स खेलने वाले पहलवानों में शामिल थीं। उन्होंने 62 किलोग्राम वेट कैटगरी में ओलंपिक क्वालिफायर के ट्रायल में हिस्सा लिया था और जीत हासिल की थी। हालांकि वह कोटा हासिल नहीं कर पाई थी। साल 2022 में उन्होंने यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज में गोल्ड मेडल जीता था।

# यशस्वी जायसवाल ने ये बड़ा रिकॉर्ड बना दुनिया को चौंकाया, आज तक कोई भारतीय नहीं कर पाया था ऐसा

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच सीरीज का दूसरा मुकाबला पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जा रहा है। भारतीय टीम, जो सीरीज के पहले मुकाबले की पहली पारी में सिर्फ 46 रनों पर ऑल-आउट हुई थी, उसकी बल्लेबाजी इस मैच में भी धराशाई हो गई। वाशिंगटन सुंदर ने अपनी वापसी पर अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के दम पर टीम इंडिया को पहले दिन कंट्रोल दिला दिया था।



हालांकि, दूसरे दिन भारतीय बल्लेबाजों ने एक बार फिर अपने प्रदर्शन से निराश किया और टीम इंडिया 156 रनों पर ऑल-आउट हो गई। भारत के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रवींद्र जडेजा रहे, जिन्होंने 38 रन बनाए। वहीं भारत के लिए यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल ने 30-30 रनों की पारी खेली। न्यूजीलैंड के लिए मिचेल सैंटनर ने 7 विकेट लिए। इस दौरान भारतीय टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया है।

दरअसल, यशस्वी जायसवाल ने इस साल टेस्ट में अपने एक हजार रन पूरे कर लिए हैं। यशस्वी जायसवाल टेस्ट में 23 साल की उम्र से पहले एक कैलेंडर ईयर में 1000 से अधिक टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले कोई भारतीय बल्लेबाज यह कारनामा नहीं कर पाया है। टेस्ट में अभी तक मात्र चार की बल्लेबाज ऐसा कर पाए हैं। 23 साल का होने से पहले एक कैलेंडर वर्ष में 1000+ टेस्ट रन बनाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में गारफील्ड सोबर्स, ग्रीम स्मिथ, ए।बी। डिविलियर्स, एलिसटर कुक का नाम है। 1958 में सोबर्स ने 1193 रन बनाए थे, जबकि ग्रीम स्मिथ ने 2003 में यह कारनामा किया था और उन्होंने 1198 रन बनाए थे। वहीं एबी डिविलियर्स ने 2005 में 1008 रन बनाए थे, जबकि इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक ने 2006 में 1013 रन बनाए हैं।

भारत के सितारा बल्लेबाज स्पिनर मिचेल सेंटनेर से मिली चुनौती का सामना नहीं कर सके जिनके सात विकेट की मदद से न्यूजीलैंड ने मेजबान टीम को दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को पहली पारी में 45।3 ओवर में 156 रन पर आउट करके 103 रन की बढत ले ली। बाए हाथ के स्पिनर सेंटनेर ने 19।3 ओवर में 53 रन देकर सात विकेट लिये जबकि आफ स्पिनर ग्लेन फिलिप्स को दो विकेट मिले।

शुभमन गिल (30) और यशस्वी जायसवाल (30) ने दूसरे विकेट के लिए 49 रन जोड़े लेकिन इसके बाद छह विकेट 53 रन के भीतर गिर गए। लंच के समय स्कोर सात विकेट पर 107 रन था। लंच के बाद सेंटनेर ने रविंद्र जडेजा, आकाश दीप और जसप्रीत बुमराह को आउट किया।

# सबसे ज्यादा डक पर आउट होने वाले भारतीय कप्तान

## रोहित शर्मा इनके साथ तीसरे नंबर पर, नंबर 1 हैं कोहली

**नई दिल्ली।** भारतीय टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा टेस्ट प्रारूप में न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछली तीन पारियों में ज्यादा सफल नहीं हो पाए हैं। बेंगलुरु टेस्ट में खराब प्रदर्शन के बाद उनकी खराब बल्लेबाजी की सिलसिला पुणे टेस्ट की पहली पारी में भी जारी रहा और इस मैच की पहली पारी में तो वो खाता भी नहीं खोल पाए। इस पारी में उन्होंने 9 गेंदों का सामना किया और फिर डक पर आउट हुए। टिम साउदी ने उन्हें क्लीन बोल्ड करके पवेलियन वापस भेज दिया।

पुणे टेस्ट की पहली पारी में डक पर आउट होने के बाद रोहित शर्मा सबसे ज्यादा बार डक पर आउट होने वाले भारतीय कप्तानों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर आ गए और एमएस धोनी की बराबरी कर ली। हालांकि सबसे ज्यादा बार डक पर आउट होने वाले भारतीय कप्तानों की लिस्ट में अब भी विराट कोहली पहले स्थान पर शामिल हैं। आइए आपको बताते हैं कि बतौर भारतीय कप्तान सबसे ज्यादा बार डक पर कौन सबसे ज्यादा बार आउट हुआ है।




रोहित शर्मा होम टेस्ट में दूसरी बार डक पर आउट हुए। रोहित शर्मा होम टेस्ट में पहली बार डक पर साल 2015 में आउट हुए थे। इस साल वो दिल्ली टेस्ट में साउथ अफ्रीका के खिलाफ शून्य पर आउट हुए थे जबकि इसके 8 साल के बाद वो पुणे टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ डक पर आउट हुए।

रोहित शर्मा को टिम साउदी ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 14वीं बार अपना शिकार बनाया और उन्होंने कगिसो रबाडा की बराबरी कर ली। रबाडा ने भी रोहित शर्मा को 14 बार आउट किया था। रोहित अब तक सबसे ज्यादा बार रबाडा और साउदी की गेंद पर आउट हो चुके हैं जबकि इस लिस्ट में एंजेलो मैथ्यूज दूसरे नंबर पर हैं जिन्होंने हिटमैन को 10 बार आउट किया है।

## रोहित ने की धोनी की बराबरी

बतौर कप्तान रोहित शर्मा अब तक 143 पारियों में 11 बार डक पर आउट हो चुके हैं जबकि इस लिस्ट में वो तीसरे नंबर पर एमएस धोनी के साथ आ गए जो 330 पारियों में 11 बार डक पर आउट हुए थे। अब रोहित और धोनी इस लिस्ट में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं जबकि इस लिस्ट में पहले नंबर पर विराट कोहली हैं जो 250 पारियों में 16 बार शून्य पर आउट हुए थे। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर सौरव गांगुली हैं जो 217 पारियों में 13 बार डक पर आउट हुए थे। इस लिस्ट में चौथे नंबर पर कपिल देव हैं जो 115 पारियों में 10 बार डक पर आउट हुए थे।




# पेरिस ओलंपिक की जर्सी पहने विधानसभा पहुंचीं विनेश फोगाट, कहा- मैं खिलाड़ी हूं खिलाड़ी ही रहना चाहती हूं...



**नई दिल्ली।** रेसलर से नेता बनी विनेश फोगाट ने शुक्रवार को अपने राजनीतिक करियर की आधिकारिक शुरूआत की। विनेश चुनाव के बाद पहली बार विधानसभा पहुंची और इस दौरान उनके कपड़ों ने सभी का ध्यान खींचा। पूरे चुनाव प्रचार के दौरान जो विनेश सूट सलवार में नजर आईं। शपथ लेने के लिए उन्होंने पेरिस ओलंपिक की जर्सी को चुना। उनके इस फैसले से ये सवाल भी खड़ा हो रहा है कि किया विनेश फोगाट रेसलिंग से संन्यास के फैसले पर यू टर्न लेंगी। विनेश फोगाट के लिए पेरिस ओलंपिक एक बुरा सपना साबित हुआ था। वह फाइनल मुकाबले खेलने से पहले डिस्क्वालिफाई हो गईं थीं। इसके बाद भारत लौटने से पहले ही उन्होंने कुश्ती से संन्यास का ऐलान किया था।

हालांकि, उन्होंने उसी जर्सी को पहनकर अपने विधानसभा के सफर की शुरूआत करने का फैसला किया। विनेश से जब इसका कारण पूछा गया तो उन्होंने जवाब में जो कहा उससे फैंस की उम्मीद बढ़ गई है कि विनेश रेसलिंग में वापसी कर सकती है। मैं खिलाड़ी हूं और खिलाड़ी ही रहना चाहते हैं। जो खिलाड़ियों की भावना होती है उसी के साथ आज यहां आई हूं।

# 'जल्दी करूंगा बड़ा एलान', हार्दिक पांड्या को मिल गया नया लाइफ पार्टनर?

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार ऑल राउंडर हार्दिक पांड्या इस समय ब्रेक पर हैं। लेकिन शुक्रवार को उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक ऐसी पोस्ट की जिससे सनसनी फैल गई है। पांड्या ने अपने फैंस को उत्सुक्ता से भर दिया है। उनके फैंस अब चैन की सांस नहीं ले पा रहे हैं और कई तरह के कयास लगा रहे हैं। पांड्या का ये साल काफी खराब रहा। आईपीएल में मुंबई इंडियंस में वापसी फीकी और आलोचनाओं से भरी रही तो निजी जीवन में पत्नी नताशा स्टानकोविच ने उनका साथ छोड़ दिया। हालांकि, वह टीम इंडिया की टी20 वर्ल्ड कप-2024 जीत के हीरो रहे जिसने उनका दुख कुछ हद तक कम किया।


## खोया-पाया

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की चैक बुक, पासबुक, एफडीआर आदि कहीं गुम हो गई हैं, मिलने पर सूचित करें। दीपांशु गोयल पुत्र उमा शंकर गोयल, पताः एसजे-84, शास्त्री नगर, गाजियाबाद।

# नंदग्राम पुलिस का लुटेरों पर प्रहार, गोली मारकर किया बदमाश गिरफ्तार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में बदमाश को पकड़ने गई पुलिस पर लुटेरे ने फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की, इस दौरान बदमाश के गोली लग गई। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपी के पास से पुलिस ने लूट का सामान, तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं।

गाजियाबाद में डीसीपी सिटी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि 7 अक्टूबर को दिल्ली के सुनार मनोज खंडेलवाल चांदनी चौक से अपनी स्कूटी पर 5 किलो 321 ग्राम चांदी लेकर चले थे, जो उनको मेरठ में देनी थी। इसी दौरान बदमाश मनीष ने मनोज को ऐसा करते हुए देख लिय लिया था।

मनीष ने अपने दो साथियों समीर और राजा को इसके बारे में बताया और मनोज का पीछा शुरू कर दिया।



### पीछा कर साथियों को देता रहा जानकारी

मनीष अपने साथी मनोज को पल-पल की जानकारी देता रहा। मनीष के दोनों साथियों समीर और राजा ने मेरठ रोड पर गुलधर मेट्रो स्टेशन के पास मनोज की स्कूटी रुकवा ली। उनके पास मौजूद सामान को लूट लिया। पुलिस के मुताबिक सर्विलांस और मैनुअल इनपुट और सीसीटीवी के जरिए उन्होंने इस घटना को खोलने का प्रयास किया तो उनको मनीष के बारे में पता चला। मनीष एक शातिर अपराधी है। शुक्रवार को जब पुलिस मनीष के ठिकाने पर पहुंची तो उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में मनीष को गोली लगी है। मनीष के कब्जे से लूट का कुछ सामान बरामद हुआ है। साथ ही तमंचा और कारतूस मिले हैं। पुलिस के मुताबिक लूटा गया बाकी सामान दोनों बदमाशों के पास है।

# यति नरसिंहानंद ने मांगी मुख्यमंत्री से मदद

## आपत्तिजनक बयान देने के बाद देश के कई राज्यो में हुए थे मुकदमे दर्ज

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में श्री पंच जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर और शिव शक्ति धाम के महंत यति नरसिंहानंद ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है। यति ने एक कार्यक्रम में आपत्तिजनक बयान दिया था, उसके बाद कई जगह हिंसक प्रदर्शन हुए थे। साथ ही यूपी समेत कई राज्यों में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। यति नरसिंहानंद ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया। वीडियो में यति ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से खुद को असंवैधानिक नजरबंदी से छुड़वाने का अनुरोध किया। यति के मुताबिक उनको प्रयागराज उच्च न्यायालय में अपने विरुद्ध दाखिल जनहित याचिका पर अपना पक्ष रखना हैं। यति के मुताबिक जनहित याचिका दो दिन पहले हजरत ख्वाजा गरीब नवाज वेलफेयर एसोसिएशन महाराष्ट्र नाम की संस्था के सचिव मोहम्मद यूसुफ की ओर से दाखिल की गई है। इस जनहित याचिका में एडवोकेट मोहम्मद आरिफ व एडवोकेट सहर नकवी याचिकाकर्ता की ओर से दलील पेश करेगी। यह जनहित याचिका महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी के इस्लाम के पैगम्बर मोहम्मद पर दिए हुए उनके बयान पर दाखिल की गई है। जारी वीडियो में महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित करते हुए कहा है कि उन्हें प्रयागराज उच्च न्यायालय में अपना पक्ष रखना है। इसके लिये बहुत तैयारी की जरूरत है। यति नरसिंहानंद ने यह भी कहा कि बहुत जल्दी ही उनके वकील प्रयागराज उच्च न्यायालय में उनकी ओर से प्रार्थना पत्र लगा देंगे कि उच्च न्यायालय उनकी बात भी सुने और उनकी बात सुनकर उचित निर्णय दे। उच्च न्यायालय उनकी बात सुनकर जो भी निर्णय देगा, वो उसे सहर्ष स्वीकार करेंगे।







**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा तक लाना चाहते हैं एक विचार? हम देख रहे हैं उनके साथ हो रहे हैं हर जगह साहिबाबाद के चेहरों के ही दीदार? कहने वाले ने कहा अब है चुनाव वाली बात? इसलिए हमारी उनको सलाह है कि शहर विधानसभा के लोगों को भी रखें अपने साथ? गाड़ी पर भी साथ लेकर हों लाईन पार के चेहरों के साथ सवार? नदिया पार वालों के साथ तो कुछ दिन बाद भी दिखा सकते हैं वो अपना पुराना वाला प्यार?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** गागर में सागर भरने वाले नागर, अपने खोपड़े से बड़े-बड़े आईडिया निकालने वाले पंजाबी चेहरे नवयुग मार्किट में तो रहे नामांकन सभा में मौजूद? मगर इन्होंने चुनाव कार्यालय से दूर ही रखा अपनी उपस्थिति का वजूद? पूरे हवन के दौरान इन्होंने नहीं की दूरियों वाली लक्ष्मण रेखा पार? दे दिया संदेश आप भले ही प्रत्याशी बन गये हों? हम मामला लेकर चल रहे हैं आर और पार? हमारी मौजूदगी को फार्मिलिटी से ज्यादा कुछ मत समझो यार?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम खड़े थे चुनाव कार्यालय के निकट? हमने देखा नागर और कुल में दीप जलाने वाले त्यागी के बीच अचानक मामला हो गया विकट? ना जाने दोनों के बीच हो गया किस बात को लेकर विवाद? दूर दूर तक आ रही थी उन दोनों की ओर से बीप...बीप... वाली आवाज? सुना है त्यागी जी कर रहे थे जख्म पर मरहम लगाने वाली बात? शायद इस मरहम ने जख्मों को और हरा कर दिया साहब?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** भले ही भाजपा के एक सह बिरादरी वाले भगवा संगठन के मिनिस्टर नजर आ रहे हों टिकट होते ही भगवा कमांडर के आस-पास? मगर जब भी आप पढ़ोगे उनका चेहरा, तो आपको उनके चेहरे पर बिल्कुल भी नहीं दिखाई देगी मुस्कुराहट? ऐसा लगेगा जैसे छीन लिया है पार्टी ने उनका हक? हम देख रहे हैं उनको गौर से, उनका फेस पड़ा हुआ है पूरी तरह से फक?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब से हुए थे प्रबुद्ध भैया भगवा? तब से नहीं हो रहा था भगवागढ़ में उनकी सक्रियता का कोई खास एहसास? बस वो फेसबुक-फेसबुक खेल रहे थे, जब से नारंगी हुए थे उनके हाथ? मगर भगवा कमांडर का टिकट होने के बाद उन्होंने एकदम बदल दिया अपना रूख? चुनाव कार्यालय पर जोरदार तरीके से मारा उन्होंने हुक? दे दिया कमांडर को जाकर स्पष्ट संदेश? कहा आप हमारी फिक्र मत करना, हम बनायेंगे आपका बेस? सुना है भगवा कमांडर ने भी दिया प्रबुद्ध भैया को जमकर भाव? क्या असर दिखायेगा इन दोनों का ये लगाव?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा युवा तोमर को था इस बात का पूरा एहसास? टिकट हर सूरत में जायेगा मयंक भैया के हाथ? सुना है उन्होंने शर्त लगाकर पहुंचायी थी कई जिज्ञासु चेहरों तक अपनी बात? कहा था देखना ये ही चेहरा फाईनल होगा? ऐसे मजबूत सूत्र लगे हैं मेरे हाथ? भगवा कमांडर का टिकट होने के बाद भी उनका दिल कर रहा था कुछ और ही फाईट? कह रहे थे हम ना जाने कैसे रॉन्ग हो गये? हमारी सूचना तो थी 16 आने राईट?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** युवा सिंघल भैया ने घुमा दी है फिर से भगवा कमांडर की ओर अपनी नैय्या? सुना है उन्होंने चुनाव कार्यालय पर डेरा डाल दिया है श्रीमान? हमने देखा आजकल वो बैठ रहे हैं यहां पर टांग पर रखकर टांग? मगर अभी तक नहीं मिली है उन्हें कोई भी मजबूत जिम्मेदारी? कहने वाले ने कहा चिंता मत करो? धीरे-धीरे आ ही जायेगी उनके पास प्रत्याशी का प्रचार देखने वाली पारी?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक और जहां गागर में सागर भरने वाले नागर दिखाई दे रहे थे चुनाव कार्यालय से दूर? वहीं भगवा रेडफेस मैन का जलवा पार्टी कार्यालय पर दिखाई दे रहा था भरपूर? हमने देखा जब हुई बड़े पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की मीटिंग? तब उसमें पूरी तवज्जों से पुकारा गया रेड फेस मैन का कई बार नाम? कहने वाले ने कहा भगवा कमांडर के चुनावी सिस्टम में ये चेहरा रहना है अब बहुत ही ज्यादा आम?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम एक महानमंत्री तक पहुंचाना चहाते हैं अपनी बात? पार्टी वालों को समझ नहीं आया पिछले दो दिन में उनके दिल के टुकड़े का अंदाज? सुना है दिल के टुकड़े ने बीच सड़क में बिछा दी थी अपनी चेयर? आवाजें भी खूब तेज सुनाई दे रहीं थी? जो लगने वालों को नहीं लग रहा था फेयर? कहने वाले ने कहा दिल के टुकड़े की इस अदा का हर जगह किया जा रहा है प्रचार? मामला इससे पहले रायता बने, उसे समेटने की भूमिका में महानमंत्री को जल्दी आना होगा यार?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम थे चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के दौरान मौजूद? हम देख रहे थे जो चेहरे साहब के प्रति कमिटेड हैं? उन्होंने नामांकन के दिन भी दिया अपनी कमिटमेंट का सबूत? कोई भी नहीं पहुंचा नामांकन स्थल के आस-पास? उसके अलावा साहब के खेमे से दूर रहने वाले कुछ चेहरों ने भी बना ली कार्यालय से दूरी? ना जाने लाईन पार वाले पंडित जी और लाईन पार के इस पार वाले शर्मा जी की क्या था मजबूरी?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# बाइक सवार बदमाशों की पुलिस से मुठभेड़

## सड़क चलते लोगों से छीनते थे मोबाइल, एक गिरफ्तार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद की थाना कोतवाली घंटाघर पुलिस के साथ बाइक सवार 2 बदमाशों की मुठभेड़ हो गई। यह मुठभेड़ विजयनगर फ्लाईओवर के पास हुई। मुठभेड़ में एक बदमाश को गोली लग गई। हालांकि इस मुठभेड़ में एक बदमाश मौके से फरार हो गया। पकड़े गए बदमाश से पुलिस ने लूटे गए मोबाइल फोन, चोरी की बाइक और हथियार बरामद किए हैं। आरोपी बदमाश हाई स्पीड बाइक से चला करता था और सड़क पर फोन पर बात कर रहे लोगों का फोन लूट लेता था। गाजियाबाद पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि इलाके में लगातार इस तरह की शिकायत आ रही थी कि राह चलते लोगों से मोबाइल लूटे जा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला शहीद नगर मेट्रो स्टेशन का आया था। जहां सुबोध नाम का एक व्यक्ति दिल्ली से उतरा और मेट्रो स्टेशन के बाहर फोन कर रहा था। तभी अपाचे सवार बदमाश उसका फोन लूट कर ले गया। इसी तरह से हापुड़ तिराहे के पास आशुतोष नाम का व्यक्ति अपने फोन से बात कर रहा था। वहां भी काले अपाचे से एक बदमाश फोन लूटकर ले गए। पुलिस ने इन सभी मामलों में मुकदमा दर्ज किया था और आरोपी की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान 25 अक्टूबर को थाना कोतवाली घंटाघर पुलिस विजयनगर फ्लाई ओवर के पास चेकिंग कर रही थी। संदिग्ध बाइक पर दो लोग आते दिखाई दिए। जिनको पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने मोटरसाइकिल को कच्चे रास्ते की तरफ भागते हुए पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायर किया। पुलिस टीम ने भी जवाबी फायरिंग की तो एक बदमाश के पैर में गोली लगी। वहीं दूसरा मौके से फरार हो गया। पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम मुकीम बताया। जिससे ऊपर वाली दोनों घटनाओं के लूट के मोबाइल समेत अन्य दो मोबाइल बरामद हुए हैं। साथ में ही चोरी की मोटरसाइकिल तमंचा और कारतूस भी पुलिस ने बरामद किए हैं।





# महिला की हत्या के मामले में 24 घंटे के भीतर आरोपी को किया गिरफ्तार

### पेट में दरांती और गला दबाकर मारा था

**हापुड़।** हापुड़ में थाना सिम्भावली पुलिस ने एक महिला की हत्या के मामले में 24 घंटे के भीतर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल की गई लोहे की दरांती और खून लगे कपड़े भी बरामद किए हैं। एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि मृतका का पति दो साल पहले गुजर गया था। वह दूसरों के खेतों से घास काटकर अपने जानवरों का पालन करती थी। आरोपी सोनू उर्फ न्यादर, जो गांव दरियापुर का निवासी है, महिला मेनका के साथ शारीरिक संबंध बनाना चाहता था। 23 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे, जब मेनका घास काटने आई, तो सोनू ने उसे बहाने से अपने खेत में बुला लिया। वहां उसने मेनका के साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। मेनका ने विरोध किया और आरोपी को काट लिया, साथ ही उसे धमकी दी कि वह उसे जेल भेजवा देगी। डर के कारण सोनू ने मेनका पर दरांती से हमला कर दिया और फिर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी।पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



# कार्तिक मेले का हुआ भूमि पूजन

## डीएम-एसपी ने देखी सुरक्षा व्यवस्था, हर्ष फायरिंग करने वालों पर होगी कार्रवाई



**हापुड़।** हापुड़ में महाभारत कालीन पौराणिक खादर मेले का भूमि पूजन शुक्रवार को हुआ। इस मौके पर डीएम प्रेरणा शर्मा और एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और मेला स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गढ़ खादर के कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले की शुरूआत मंत्रोच्चारण के साथ हुई। इस दौरान डीएम और एसपी ने अधिकारियों के साथ मिलकर मेले की तैयारी की समीक्षा की। मेले में 35 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है, जिसके लिए सुरक्षा और सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है।

### सादी वर्दी में पुलिसकर्मी भी तैनात रहेंगे

डीएम ने फसलों की कटाई में तेजी लाने के निर्देश दिए। ताकि मेले की सभी तैयारियां समय पर पूरी हो सकें। एसपी ने बताया कि मेले की सुरक्षा के लिए ड्रोन कैमरे लगाए जाएंगे। सादी वर्दी में पुलिसकर्मी भी तैनात रहेंगे। मेले में पशु दौड़ पर प्रतिबंध रहेगा। हर्ष फायरिंग जैसी घटनाओं को रोकने के लिए भी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए।

# पुलिस मुठभेड़ में मोबाइल लुटेरे को लगी गोली

**नोएडा।** सेंट्रल नोएडा की ईकोटेक 3 थाना पुलिस और एक शातिर लुटेरे के बीच में मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में बदमाश के पैर में गोली लगी। इससे वह घायल हो गया। बदमाश के कब्जे से लूट के 3 मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल तमंचा कारतूस आदि बरामद हुए हैं। डीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि थाना इकोटेक-3 पुलिस द्वारा चोगानपुर गोल चक्कर के पास सूरजपुर से एसीई सिटी गोल चक्कर की तरफ जाने वाले रास्ते पर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान अपाचे मोटरसाइकिल सवार को चेकिंग के लिए रुकने का इशारा किया गया। मगर वह नहीं रुका।

### बदमाश ने पुलिस पर की फायरिंग

उसने मोटरसाइकिल को तेज रफ्तार से चौगानपुर से एसीई सिटी गोल चक्कर की तरफ जाने वाली सर्विस रोड पर भगा दी। पुलिस टीम ने उस मोटरसाइकिल का पीछा किया। बदमाश ने खुद को घिरता देख एसीईसीटी गोलचक्कर के पास जलपुरा जाने वाली सर्विस रोड पर पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी। इससे वह घायल हो गया।



घायल बदमाश की पहचान रवि निवासी निहालविहार, 50 फुटा रोड, दिल्ली वर्तमान पता ग्राम शाकीपुर के रूप में हुई है। बदमाश के कब्जे से लूट, डकैती के 03 मोबाइल फोन (अलग अलग कम्पनी के), बिना नंबर प्लेट की अपाचे मोटरसाइकिल, एक तमंचा मिला। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## युवती ने बुजुर्ग को मारा थप्पड़, पार्क में टहला रही थीं कुत्ता



**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-78 हाइड पार्क सोसाइटी कुत्ते को टहलाने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा की एक युवती ने बुजुर्ग को थप्पड़ मार दिया। वहां पर काफी लोग मौजूद थे। उन लोगों ने दोनों युवती को रोकने का प्रयास किया। इसके बाद मामला शांत हुआ। वायरल वीडियो के आधार पर थाना सेक्टर-113 पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है। दरअसल सोसाइटी की दो युवतियां कुत्ते को गार्डन के पाथ वे पर टहला रही थी। वहीं पर बुजुर्ग महिला और पुरुष पर टहल रहे थे। उन्होंने दोनों युवतियों से डॉग को बांध कर टहलाने के लिए कहा। इस पर दोनों युवतियां बुजुर्ग से विवाद करने लगी। इसके बाद एक युवती ने पहले महिला को थप्पड़ मारने का प्रयास किया। उसके बाद दूसरी युवती ने बुजुर्ग को थप्पड़ मार दिया। इसके बाद सोसाइटी में हंगामा मच गया। वहां मौजूद लोग युवतियों को रोकने का प्रयास करने लगे। इस बीच काफी धक्का मुक्की हुई। वहीं खड़े कुछ और लोगों ने इसका एक वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। बता दे नोएडा में डॉग पॉलिसी लागू है। जिसके तहत सोसाइटी में डॉग टहलाने से पहले उसे रस्सी से बांधने के अलावा मुंह पर मजाल लगाना जरुरी है। ताकि वो किसी को क्षति नहीं पहुंचा सके। बुजुर्ग भी युवतियों को यही समझाने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन युवतियों ने उनको थप्पड़ मार दिया।

# वार्ड 97 का अंधेरा होगा दूर लगाई स्ट्रीट, हाई मास्क लाइटें





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** दीपावली से पहले नगर निगम के हर वार्ड में नई स्ट्रीट लाइटें लगवाई जा रही है। फिलहाल प्रत्येक वार्ड के लिए नगर निगम ने 50- 50 लाइटें स्वीकृत की हैं। पार्षद श्री भगवान अग्रवाल ने कहा कि वार्ड 97 में शुक्रवार को चन्द्र नगर गेट-2 व 4 पर 2 हाई लाइट लगाई गई है। 25 स्ट्रीट लाइटों की रिपेरिग कराई है। उन्होंने कहा कि मेयर व नगरायुक्त से कहा कि स्ट्रीट लाइटों की ओर व्यवस्था की जाए जिसे वार्ड दीपावली पर जगमगा उठे। मेरा जनता से वादा है कि वार्ड में हर तरफ उजाला होगा। पार्षदों ने कई बार अधिकारियों से शहर में स्ट्रीट लाइट लगवाने का मुद्दा उठाते हुए शहर में लाइट लगवाने की बात कही थी। इस समस्या को लेकर कई बार अधिकारियों को अवगत कराया।

## चिन्टू जी





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। इन दिनों फेसबुक मंच पर भीं कई बार लोग अभिव्यक्ति में अतिरेक करते हैं। शब्द शालीन हों तो ये आपके ही व्यक्तित्व का परिचय देते हैं। डॉ मंजू सैनी ने फेसबुक पर अपने मन के भाव को शब्दों के जरिए साझा किया। शब्द अनवरत अभिव्यक्ति का संदेश देते हैं। डॉ मंजू सैनी की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।



# 'जर्मनी ने कुशल भारतीयों के लिए वीजा की संख्या बढ़ाकर 90,000 की'

## नरेन्द्र मोदी ने किया ऐलान



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत और जर्मनी के बीच रणनीतिक साझेदारी ऐसे समय में मजबूत सहारे के रूप में उभरी है जब दुनिया तनाव, संघर्ष और अनिश्चितता का सामना कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत और जर्मनी के बीच मजबूत होते संबंधों की सराहना की और हाल के सहयोग को उनकी गहरी होती दोस्ती का सबूत बताया।

18वें एशिया-पैसिफिक कॉन्फ्रेंस ऑफ जर्मन बिजनेस 2024 में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा, ।एक तरफ यहां सीईओ फोरम की बैठक हो रही है, वहीं दूसरी तरफ हमारी नौसेनाएं एक साथ अभ्यास कर रही हैं। जर्मन नौसेना के जहाज गोवा में पोर्ट कॉल पर हैं। और अब से कुछ ही समय में भारत और जर्मनी के बीच सातवां अंतर-सरकारी परामर्श भी आयोजित किया जाना है। उन्होंने कहा, ।यानी भारत और जर्मनी के बीच दोस्ती हर कदम पर, हर मोर्चे पर गहरी हो रही है।। पीएम मोदी ने कहा कि इस साल भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी के 25 साल पूरे हो रहे हैं और कहा कि अगले 25 साल इस साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ।यह वर्ष भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी का 25वां वर्ष है। अगले 25 वर्ष इस साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। हमने आने वाले 25 वर्षों में विकसित भारत के लिए एक रोडमैप तैयार किया है।। प्रधानमंत्री मोदी ने जर्मन कैबिनेट द्वारा ।भारत पर ध्यान। दस्तावेज जारी किए जाने का स्वागत किया, जिसमें बताया गया है कि कैसे दो मजबूत लोकतंत्र और अग्रणी अर्थव्यवस्थाएं वैश्विक भलाई के लिए सहयोग कर सकती हैं।

उन्होंने कहा, ।मुझे खुशी है कि ऐसे महत्वपूर्ण समय में जर्मन कैबिनेट ने भारत पर ध्यान केंद्रित दस्तावेज जारी किया है। भारत पर ध्यान केंद्रित दस्तावेज इस बात का खाका है कि कैसे दुनिया के दो मजबूत लोकतंत्र, दुनिया की दो अग्रणी अर्थव्यवस्थाएं मिलकर वैश्विक भलाई के लिए एक ताकत बन सकती हैं। यह स्पष्ट रूप से रणनीतिक साझेदारी को समग्र रूप से आगे बढ़ाने के दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता को दशार्ता है। जर्मनी ने भारत की कुशल जनशक्ति पर जो भरोसा दिखाया है, वह विशेष रूप से आश्चर्यजनक है।

जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज के साथ सातवीं अंतर-सरकारी परामर्श (आईजीसी) बैठक में भाग लेते हुए मोदी ने कहा कि भारत-जर्मनी के संबंध आदान-प्रदान के संबंध नहीं बल्कि दो सक्षम और मजबूत लोकतंत्रों की परिवर्तनकारी साझेदारी है। मोदी ने कहा, दुनिया तनाव, संघर्ष और अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में कानून के शासन और नौवहन की स्वतंत्रता को लेकर गंभीर चिंताएं हैं। इस समय में, भारत और जर्मनी के बीच रणनीतिक साझेदारी एक मजबूत सहारे के रूप में उभरी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह शोल्ज की भारत की तीसरी यात्रा है जो भारत तथा जर्मनी के बीच दोस्ती के ट्रिपल जश्न। को चिह्नित करता है। उन्होंने कहा, 2022 में बर्लिन में पिछले आईजीसी में हमने अपने द्विपक्षीय सहयोग के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए थे। दो वर्षों में, हमारे सामरिक संबंधों के विभिन्न क्षेत्रों में उत्साहजनक प्रगति हुई है। रक्षा, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, हरित और सतत विकास जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ रहा है जो आपसी विश्वास के प्रतीक बन गए हैं। प्रधानमंत्री ने जर्मनी द्वारा घोषित फोकस ऑन इंडिया। रणनीति का भी स्वागत किया।

मोदी ने कहा, मुझे खुशी है कि अपनी साझेदारी को विस्तार देने और बढ़ाने के लिए हम कई नई और महत्वपूर्ण पहल कर रहे हैं और संपूर्ण सरकार। से पूरे राष्ट्र के दृष्टिकोण की ओर बढ़ रहे हैं।।। आईजीसी एक द्विवार्षिक कवायद है और पिछली बार इसका आयोजन मई 2022 में बर्लिन में किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी और जर्मन चांसलर के बीच बैठक में जर्मन-भारतीय हरित और सतत विकास साझेदारी (जीएसडीपी) पर सहमति बनी थी। आईजीसी की शुरूआत 2011 में की गई थी। इसमें सहयोग की व्यापक समीक्षा और विभिन्न क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच जुड़ाव के नए क्षेत्रों की पहचान की जाती है।

# राष्ट्रमंडल देशों ने ब्रिटेन के राजा पर बनाया दासता की क्षतिपूर्ति देने का दबाव, यूके का इनकार

**ब्रिटेन।** ब्रिटेन के राजा चार्ल्स को शुक्रवार को अपने देश के अतीत के लिए काफी कुछ सुनना पड़ा। दरअसल राष्ट्रमंडल देशों ने ब्रिटेन पर भयावह अतीत के लिए क्षतिपूर्ति देने की मांग की है। राष्ट्रमंडल देशों के शिखर सम्मेलन के दौरान गुलामी और साम्राज्य की विरासत के मुद्दे पर खूब बहस हुई। समोआ में आयोजित हुए शिखर सम्मेलन में 56 राष्ट्रमंडल देशों के नेता शामिल हुए। इनमें से अधिकतर पूर्व औपनिवेशक देश हैं।



### शिखर सम्मेलन के दौरान उठी ये मांग

यह सम्मेलन जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर एकजुट होने के लिए आयोजित किया गया था, लेकिन राजा के रूप में किंग चार्ल्स तृतीय का यह पहला शिखर सम्मेलन अतीत की छाया से घिरा रहा। कई अफ्रीकी, कैरिबियन और प्रशांत देशों ने मांग की कि ब्रिटेन समेत अन्य यूरोपीय शक्तियां उन्हें अतीत में गुलाम बनाने के लिए वित्तीय क्षतिपूर्ति का भुगतान करें। शिखर सम्मेलन के दौरान बहामास के प्रधानमंत्री फिलिप डेविस ने कहा कि अतीत के बारे में बहस बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि 'अब समय आ गया है कि हम इस बारे में इन ऐतिहासिक गलतियों पर बातचीत करें। दासता की भयावहता ने हमारे समुदायों में एक गहरा, पीढ़ीगत घाव छोड़ा है, और न्याय की लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है।'

# 'हाथ, कमर..मुझे हर जगह टच किया..'; चुनाव से पहले ट्रंप पर पूर्व मॉडल ने लगाए छेड़छाड़ के आरोप

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए मात्र 10 दिनों का समय शेष है। भारतीय मूल की कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप के बीच कड़ा मुकाबला है। इस बीच डोनाल्ड ट्रंप पर एक पूर्व मॉडल ने छेड़छाड़ के आरोप लगाए हैं। मॉडल स्टेसी विलियम्स ने आरोप लगाया है कि 1990 के दशक की शुरूआत में ट्रम्प टॉवर में पूर्व राष्ट्रपति ने उनके साथ इस घटना को अंजाम दिया था।



### ट्रंप पर छेड़छाड़ के आरोप

स्टेसी विलियम्स ने सीएनएन को दिए गए एक इंटरव्यू में सार्वजनिक रूप से इस घटना के बारे में बताया है। उन्होंने कहा कि वह ट्रंप से जेफरी एपस्टीन के जरिए मिलीं थीं। एपस्टीन 1993 में उन्हें ट्रंप से मिलाने के लिए लेकर गया था। उस समय वह 20 साल की थीं और एपस्टीन को डेट कर रही थीं। ट्रंप टॉवर पहुंचने पर पूर्व राष्ट्रपति ने उन्हें छूकर उनका स्वागत किया। पूर्व मॉडल ने आरोप लगाया कि उस समय डोनाल्ड ट्रंप ने उनके निजी अंगो को भी छुआ। उस समय मैं हतप्रभ रह गई, मेरी समझ में नही आ रहा था कि मेरे साथ क्या हो रहा है। उस समय ट्रंप और एपस्टीन आपस में बातें कर रहे थे, जबकि ट्रंप के हाथ मेरे ऊपर ही थे। मैं उस समय शायद मुस्कुराने की कोशिश कर रही थी, जैसे कि आप किसी भी सामाजिक स्थिति में रहते हैं। लेकिन यह मेरे लिए बेहद बुरा अनुभव था। यह मेरे जीवन के सबसे अजीब पलों में से एक था।

### ट्रंप की ओर से मिला पोस्टकार्ड

विलियम्स ने यह भी कहा कि उन्हें ट्रंप की ओर से एक पोस्टकार्ड मिला। जोकि कूरियर के जरिए उनकी मॉडलिंग एजेंसी को दिया गया था। इसमें पाम बीच की तस्वीर थी जिसमें उनके मार-ए-लागो रिसॉर्ट को दिखाया गया था। वहीं, विलियम्स के कुछ दोस्तों ने भी इस घटना के बारे में बात की है। तीनों ने कहा कि उसने उन्हें 2006, 2015 और 2018 में ट्रंप और एपस्टीन के साथ हुई घटना के बारे में बताया था।

### ट्रंप के चुनाव अभियान ने किया खारिज

वहीं, ट्रंप के चुनाव अभियान ने राष्ट्रपति पद के लिए मतदान से तुरंत पहले लगाए गए इन आरोपों को खारिज कर दिया है। उन्होंने इन आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताया है। ट्रंप के चुनाव अभियान की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने कहा कि ये दावे कमला हैरिस की टीम द्वारा चुनाव प्रचार को प्रभावित करने के लिए लगाए जा रहे है। बता दें कि ट्रंप पर पहले भी ऐसे आरोप लगते रहे हैं।

# इन शर्तों पर संघर्ष खत्म करने के लिए तैयार हुआ हमास, जानें बंधकों को छोड़ने पर क्या बोला



**इस्राइल।** इस्राइल-हमास के बीच पिछले एक साल से संघर्ष जारी है। इस बीच गुरुवार को इस्राइल ने बताया कि उनके जासूस प्रमुख गाजा युद्धविराम वार्ता में हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि हमास के साथ जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए लंबे समय से रुका प्रयास अब गति पकड़ते दिख रहा है। पिछले एक साल से जारी युद्ध को रोकने की पिछली कोशिशें विफल रही हैं। अमेरिका ने उम्मीद जताई है कि हमास प्रमुख याह्या सिनवार की मौत एक समझौते की शुरूआत के तौर पर काम कर सकती है। हमास का कहना है कि अगर इस्राइल गाजा युद्धविराम समझौते के लिए मान जाता है तो वह युद्ध समाप्त कर देगा।

हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को काहिरा में मिस्र के अधिकारियों के साथ उनके प्रतिनिधिमंडल ने युद्ध विराम समझौते पर चर्चा की। उन्होंने कहा, हमास ने युद्ध रोकने के लिए तत्परता दिखाई है। इस्राइल को युद्धविराम के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। उन्हें गाजा से निकल जाना चाहिए और विस्थापित लोगों को वहां वापस आने की अनुमति देनी चाहिए। इसके साथ गाजा में मानवीय सहायता की भी अनुमति देनी चाहिए।

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास द्वारा बंधक बनाए गए नागरिकों की रिहाई के लिए समझौते पर चर्चा को लेकर मिस्र की तत्परता का स्वागत किया। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा, काहिरा बैठक के बाद नेतन्याहू ने मोसाद जासूसी एजेंसी के प्रमुख को कतर के लिए रवाना होने का निर्देश दिया, जिससे कि एजेंडे की पहुओं की श्रृंखला को आगे बढ़ाया जा सके। इससे पहले गुरुवार को अमेरिका और कतर ने कहा कि गाजा युद्धविराम वार्ता कतर की राजधानी में फिर से शुरू होगी। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने गुरुवार को दोहा कतारी नेताओं से मुलाकात की। पिछले साल सात अक्तूबर को शुरू हुए इस्राइल-हमास युद्ध के बाद से यह उनकी 11वीं यात्रा है। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से ठीक दो सप्ताह पहले ब्लिंकन ने इस यात्रा के दौरान कहा था कि मध्यस्थ नए विकल्प तलाशेंगे।

# राष्ट्रमंडल देशों ने ब्रिटेन के राजा पर बनाया दासता की क्षतिपूर्ति देने का दबाव, यूके का इनकार

**एपिया।** ब्रिटेन के राजा चार्ल्स को शुक्रवार को अपने देश के अतीत के लिए काफी कुछ सुनना पड़ा। दरअसल राष्ट्रमंडल देशों ने ब्रिटेन पर भयावह अतीत के लिए क्षतिपूर्ति देने की मांग की है। राष्ट्रमंडल देशों के शिखर सम्मेलन के दौरान गुलामी और साम्राज्य की विरासत के मुद्दे पर खूब बहस हुई। समोआ में आयोजित हुए शिखर सम्मेलन में 56 राष्ट्रमंडल देशों के नेता शामिल हुए। इनमें से अधिकतर पूर्व औपनिवेशक देश हैं।

### शिखर सम्मेलन के दौरान उठी ये मांग

यह सम्मेलन जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर एकजुट होने के लिए आयोजित किया गया था, लेकिन राजा के रूप में किंग चार्ल्स तृतीय का यह पहला शिखर सम्मेलन अतीत की छाया से घिरा रहा। कई अफ्रीकी, कैरिबियन और प्रशांत देशों ने मांग की कि ब्रिटेन समेत अन्य यूरोपीय शक्तियां उन्हें अतीत में गुलाम बनाने के लिए वित्तीय क्षतिपूर्ति का भुगतान करें। शिखर सम्मेलन के दौरान बहामास के प्रधानमंत्री फिलिप डेविस ने कहा कि अतीत के बारे में बहस बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि 'अब समय आ गया है कि हम इस बारे में इन ऐतिहासिक गलतियों पर बातचीत करें। दासता की भयावहता ने हमारे समुदायों में एक गहरा, पीढ़ीगत घाव छोड़ा है, और न्याय की लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है।'

### किंग चार्ल्स ने कहा- अतीत को कोई नहीं बदल सकता

राष्ट्रमंडल देश चाहते हैं कि क्षतिपूर्ति के मुद्दे पर चर्चा हो। साथ ही ब्रिटेन के शाही परिवार, जिसने सदियों से दासता से लाभ उठाया है, उसे भी माफी मांगने के लिए कहा गया है। शुक्रवार को किंग चार्ल्स ने कहा, 'मैं राष्ट्रमंडल भर के लोगों को सुनने के बाद समझता हूं कि हमारे अतीत के सबसे दर्दनाक पहलू आज भी गूंज रहे हैं। हममें से कोई भी अतीत को नहीं बदल सकता, लेकिन हम अपने पूरे दिल से इसके सबक सीखने और असमानताओं को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

ब्रिटेन की सरकार ने मांग ठुकराई

हालांकि आर्थिक संकट से जूझ रही ब्रिटेन की सरकार क्षतिपूर्ति की किसी भी कोशिश को रोकना चाहती है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने क्षतिपूर्ति भुगतान के आह्वान को सार्वजनिक रूप से अस्वीकार कर दिया है।

# इस्राइल के हमलों से प्रभावित लेबनान को भारत ने दी मानवीय सहायता, पहली किस्त पहुंची

**लेबनान।** लेबनान में भारत के राजदूत नूर रहमान शेख ने भारत द्वारा भेजी गई मानवीय सहायता की पहली किस्त लेबनान को सौंप दी है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री फिराद अबियाद ने दवाओं की खेप प्राप्त की। भारतीय दूतावास ने लेबनान के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भारतीय दूतावास ने इसकी जानकारी दी। 18 अक्तूबर को भारत ने दक्षिणी लेबनान में जारी तनाव के बीच मानवीय सहायता भेजी थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लेबनान में भारतीय दूतावास ने कहा, भारत की तरफ से मानवीय सहायता की पहली किस्त बेरूत पहुंची। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. फिरास अबियाद ने राजदूत नूर रहमान की उपस्थिति में दवाओं की खेप प्राप्त की। भारत लेबनान के साथ संबंधों को मतबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। दक्षिणी लेबनान में जारी तनाव के बीच भारत ने 18 अक्तूबर को लेबनान को 11 टन चिकित्सा आपूर्ति की पहली किस्त भेजी थी। कुल 33 टन चिकित्सा आपूर्ति भेजी जा रही है।



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जयसवाल ने एक्स पर कहा, भारत ने लेबनान को मानवीय सहायता भेजी। कुल 33 टन चिकित्सा आपूर्ति भेजी जा रही है। आज चिकित्सा आपूर्ति की पहली किस्त भेज दी गई है। इसमें हृदय संबंधी दवाएं, एनएसएआईडी (गैर-स्टेरायडल एंटी-इंफ्लेमेटरी दवाएं), एंटी-इंफ्लेमेटरी एजेंट, एंटीबायोटिक्स और एनेस्थेटिक्स शामिल हैं।

लेबनानी दूत ने मध्य-पूर्व में जारी संघर्ष पर चिंता जताई। उन्होंने इस्राइल के लिए अमेरिका के समर्थन पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि अमेरिका को इस्राइल के समर्थन पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। लेबनानी दूत ने कहा कि इजरायल के सबसे मजबूत सहयोगी अमेरिका के पास इजरायल को रोकने और युद्ध को समाप्त करने की शक्ति है।

### लेबनानी दूत ने की भारत की सराहना

भारत में लेबनान के राजदूत रबी नर्श ने पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत की मानवीय सहायता पर जोर दिया। युद्ध पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए 18 अक्तूबर को उन्होंने कहा था, युद्ध शुरू होने के बाद से लेबनान में मानवीय सहायता की बाढ़ आ गई थी। लेबनान की सहायता करने में भारत सबसे ऊपर है। भारत हमारा अच्छा दोस्त है। 70-80 साल से अधिक वर्ष पहले दोनों देशों की आजादी के बाद से ही हमारे संबंध मजबूत रहे हैं। उन्होंने भारत का समर्थन करते हुए कहा, हमारे बोलने से पहले ही भारत मानवीय सहायता के लिए आगे आया। भारत ने 30 टन दवाओं की पेशकश की है। भारत हमेशा से ही हमारा समर्थन करता रहा है। हम अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में अच्छे संबंधों का आदान-प्रदान कर रहे हैं।

# मोदी सरकार को हिलाने के चक्कर में जस्टिन ट्रूडो ने अपनी ही कुर्सी को खतरे में डाल दिया



**कनाडा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अपने देश में अलगाववादी तत्वों को बढ़ावा दिया ताकि वह भारत को घेर सकें। जस्टिन ट्रूडो ने साथ ही खालिस्तान की मांग करने वालों को राजनीतिक रूप से पनपने और आगे बढ़ने दिया तथा उनके समर्थन से सरकार भी बनाई। लेकिन अब यह अलगाववादी तत्व उनके लिए भस्मासुर साबित हो रहे हैं। अलगाववादी ताकतों के दम पर भारत की सरकार को हिलाने चले जस्टिन ट्रूडो की खुद की कुर्सी अब खतरे में पड़ती दिखाई दे रही है। हम आपको बता दें कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को अपनी ही पार्टी के भीतर से विरोध का सामना करना पड़ रहा है। कई सांसदों ने उनसे साफ कह दिया है कि वह चौथे कार्यकाल की अपेक्षा नहीं करें। साथ ही ट्रूडो को अपने इस्तीफे पर निर्णय लेने के लिए 28 अक्टूबर तक की समय सीमा दी गयी है। ट्रूडो की पार्टी के कुछ सांसदों ने तो 28 अक्टूबर को ही प्रधानमंत्री से इस्तीफे की मांग की है वरना परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहने को कहा है।

## न्यूज डायरी

### लिंक्डइन पर 2815 करोड़ रुपये का जुमार्ना

**लिंक्डइन।** यूरोपीय नियामकों ने डाटा गोपनीयता नियम उल्लंघन को लेकर लिंक्डइन पर 31 करोड़ यूरो (लगभग 2,815.91 करोड़ रु.) जुमार्ना लगाया है। आयरलैंड के डाटा संरक्षण आयोग ने पाया कि कंपनी यूजर्स का निजी डाटा बगैर उनकी मंजूरी के जुटा रही थी। आयोग के डिप्टी कमिश्नर ग्राहम डॉयल के मुताबिक, कानूनी आधार के बगैर निजी डाटा की प्रोसेसिंग करना यूरोपीय संघ में डाटा सुरक्षा के अधिकार का साफ और गंभीर उल्लंघन है। इस डाटा का इस्तेमाल कंपनी यूजर्स को लक्षित विज्ञापन दिखाने के लिए कर रही थी। आयोग ने इसे यूरोपीय संघ के सामान्य डाटा संरक्षण नियम का उल्लंघन माना है। आयरलैंड डाटा संरक्षण आयोग ने लिंक्डइन को विज्ञापन उद्देश्यों के लिए यूजर्स की निजी जानकारी को गोपनीय न रखने पर फटकार लगाई। यह निगरानी संस्था यूरोपीय संघ में लिंक्डइन का मुख्य नियामक है, क्योंकि कंपनी का यूरोपीय मुख्यालय यहीं है।

### जी-20 ने बहुपक्षीय विकास बैंकों में सुधार की शुरूआत की

**नई दिल्ली।** अमेरिका दौरे पर गईं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि जी-20 ने बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) में सुधार की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि वैश्विक चुनौतियों से निपटने में एमडीबी प्रभावी योगदान दे सकें, इसके लिए रास्ता बना लिया गया है। चौथे जी-20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों (एफएमसीबीजी) की मौजूदगी में कहा कि भारत इस एजेंडे पर काम को आगे बढ़ाने के लिए दक्षिण अफ्रीकी प्रेसीडेंसी के साथ जुड़ने के लिए उत्सुक है। उन्होंने जी-20 को एमडीबी पारिस्थितिकी तंत्र का प्रमुख घटक भी बताया।

### पाकिस्तान में सुरक्षाबलों ने 10 आतंकवादियों को किया ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) गिरोह के 10 आतंकियों को मार गिराया है। जिसके बारे में पाकिस्तानी पुलिस ने बताया कि गुरुवार को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पुलिस और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई, जिसके बाद कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) समूह के कम से कम 10 आतंकवादियों को मार गिराया। इसके साथ ही इस मामले में सीटीडी के प्रवक्ता ने कहा कि 10 से 15 आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया रिपोर्ट के आधार पर मियांवाली शहर के पहाड़ी मालाखेल इलाके में एक गुप्त अभियान चलाया गया। पुलिस और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई। प्रवक्ता ने आगे कहा कि मुठभेड़ के दौरान 10 आतंकवादी मारे गए, जबकि सीटीडी और एलीट फोर्स के सभी अधिकारी और कर्मी सुरक्षित हैं।

### खैबर पख्तूनख्वा के चेक पोस्ट पर हमले में 4 सुरक्षाकर्मियों की मौत

पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में गुरुवार को आतंकवादियों द्वारा चेक पोस्ट पर किए गए हमले में कम से कम चार सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि डेरा इस्माइल खान जिले के दरबान इलाके में चेकपोस्ट पर हमले के बाद हुई गोलीबारी में सुरक्षाकर्मी मारे गए। अधिकारी ने बताया कि हमले के तुरंत बाद सैनिकों की एक नई टुकड़ी घटनास्थल पर पहुंची। उन्होंने बताया कि हमलावरों को पकड़ने के लिए सैनिकों ने व्यापक तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। अभी तक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

# सावधान: 3.1 डिग्री अधिक गर्म हो जाएगी धरती

## 2023 में 6.1% बढ़ा भारत का उत्सर्जन, जी-20 देशों ने नहीं की प्रगति




**नई दिल्ली।** अगर सरकारें कार्रवाई नहीं करती हैं तो 2100 तक धरती 3.1 डिग्री सेल्सियस तक अधिक गर्म हो जाएगी। यह आंकड़ा लगभग एक दशक पहले वृद्धि के सहमत आंकड़े से दोगुने से अधिक है। ये जानकारी गरुवार को संयुक्त राष्ट्र की वार्षिक रिपोर्ट में सामने आई। यह जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए सरकारों के किए वादों और इसके लिए वास्तव में जरूरी उपायों के बीच अंतर का विश्लेषण करती है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2015 में सरकारों ने पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इस दौरान जलवायु परिवर्तन के खतरनाक प्रभावों को रोकने के लिए 1.5 डिग्री सेल्सियस वार्मिंग की सीमा निर्धारित की। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बृहस्पतिवार को एक भाषण में कहा, हम लड़खड़ाते हुए एक रस्सी पर चल रहे हैं। या तो हमारे नेता इस उत्सर्जन अंतर को पाट देंगे, या हम जलवायु आपदा में फंस जाएंगे।

इसके साथ ही रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि 2022 और 2023 के बीच वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन 1.3% बढ़कर 57.1 गीगाटन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर एक नई ऊंचाई पर पहुंच गया है। जलवायु परिवर्तन रोकने के लिए सरकारों ने अब तक जो वादे किए गए, अगर उन्हें पूरी तरह से लागू भी कर दिया जाए तो भी 2100 तक तापमान में 2.6 सेल्सियस और 2.8 सेल्सियस के बीच वृद्धि हो जाएगी।

रिपोर्ट के मुख्य विज्ञान संपादक ऐनी ओल्हॉफ ने कहा, जी-20 सदस्य देशों ने 2030 के लिए अपने वर्तमान जलवायु लक्ष्यों की दिशा में बहुत अधिक प्रगति नहीं की है। वर्तमान में हमारी धरती लगभग 1.3 सेल्सियस गर्म हो चुकी है। अगले महीने तमाम देश अजरबैजान में वार्षिक संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन (कॉप-29) में एकत्रित होंगे, जहां वे जीवाश्म ईंधन से दूर जाने के लिए पिछले साल किए गए समझौते पर चर्चा करेंगे। बाकू में प्रत्येक देश को उसकी उत्सर्जन-कटौती लक्ष्यों के बारे में सूचित किया जाएगा। इसे राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) के रूप में जाना जाता है।

### 2023 में 6.1% बढ़ा भारत का उत्सर्जन

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में भारत का ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन 6.1 प्रतिशत बढ़ गया, जो कुल वैश्विक उत्सर्जन का 8 प्रतिशत है। लेकिन वैश्विक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में देश का योगदान केवल 3 प्रतिशत है। भारत का प्रति व्यक्ति उत्सर्जन 2.9 टन सीओ-2 है, जोकि वैश्विक औसत 6.6 सीओ2 से काफी कम है। रिपोर्ट के अनुसार, सामूहिक रूप से वैश्विक ग्रीन हाउस उत्सर्जन में जी20 देशों (अफ्रीकी संघ को छोड़कर) का कुल योगदान 77 प्रतिशत है। ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में भारत का स्थान तीसरा है। कुल वैश्विक उत्सर्जन में 30 प्रतिशत के योगदान के साथ चीन पहले नंबर पर, 11 प्रतिशत के साथ अमेरिका दूसरे, 6 प्रतिशत के साथ यूरोपीय संघ चौथे और 5 प्रतिशत के साथ रूसी संघ पांचवें स्थान पर है।

# मनीला में तूफान के कारण 33 लोगों की मौत, अधिकतर लोग भूस्खलन में मारे गए: पुलिस

**मनीला।** फिलीपीन में मनीला के दक्षिण में स्थित एक प्रांत में ऊष्णकटिबंधीय तूफान ट्रामी के कारण 33 लोगों की मौत हो गई और इनमें से अधिकतर की मौत भूस्खलन के कारण हुई। फिलीपीन के एक प्रांतीय पुलिस प्रमुख ने यह जानकारी दी। बटांगस पुलिस प्रमुख कर्नल जैसिंटो मालिनाओ जूनियर ने बताया कि बटांगस प्रांत में भूस्खलन और बाढ़ के कारण हुई मौतों के साथ ही ट्रामी तूफान में मारे गए लोगों की कुल संख्या बढ़कर 65 हो गई है। ट्रामी तूफान शुक्रवार को उत्तर-पश्चिमी फिलीपीन में आया था।

मालिनाओ जूनियर ने झील किनारे स्थित तालीसे शहर से टेलीफोन के जरिए एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि 11 अन्य ग्रामीण लापता हैं। इस दौरान उनके साथ एक ग्रामीण खड़ा था जिसकी पत्नी एवं बच्चा लापता हैं। बचावकर्मियों ने तलाश अभियान के दौरान सिर और पैर का एक हिस्सा बरामद किया, जो संभवतः लापता महिला और बच्चे का है।

# भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा ने किया हवन पूजन के साथ नामांकन



करंट क्राइम। शहर सीट से विधानसभा उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा ने शुक्रवार को हवन पूजन के बाद नामांकन किया। इस अवसर पर भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया, लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप, मंत्री कपिलदेव अग्रवाल, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, धौलाना विधायक धर्मेश तोमर, पूर्व मेयर आशा शर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, भाजपा महानगर कोषाध्यक्ष तथा समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता, पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप, खोड़ा नगर पालिका की पूर्व चेयरमैन रीना भाटी, भाजपा पार्षद सचिन डागर, पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी, वरिष्ठ भाजपा नेता पृथ्वी सिंह कसाना सहित सभी प्रमुख भाजपा नेता मौजूद रहे।

## जेएमएसआईटी गाजियाबाद में दीपावली मेले का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद स्थित जेएमएसआईटी संस्थान ने छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास और सांस्कृतिक उन्नयन के उद्देश्य से एक भव्य दीपावली मेले का आयोजन किया। मुख्य अतिथि दिनेश गोयल (विधान परिषद सदस्य एवं प्रदेश विद्युत समस्या उन्मूलन समिति के सभापति) ने चेयरमैन राकेश सिंहल, सचिव डॉ. हिमांशु सिंहल, निदेशक प्रो. (डॉ.) अनिरुद्ध विश्वास, प्राचार्य प्रो. (डॉ.) प्रवीण गुप्ता, एडमिशन हेड अंकिता चौधरी, एस.एस. पचौरी, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड तनवी गौर और अन्य संस्थान के सदस्यों के साथ फीता काटकर मेले






का शुभारंभ किया। दिनेश गोयल ने रामलीला मंचन की सराहना करते हुए उसके सांस्कृतिक महत्व पर जोर दिया। मुख्य अतिथि, प्रबंधन समिति के सदस्य और पत्रकारों ने मेले में लगे स्टॉल्स के उच्च गुणवत्ता, स्वच्छता, सेवा और आतिथ्य सत्कार की विशेष प्रशंसा की, जिसे छात्रों ने बखूबी निभाया। 14 भागों में संगीतमय और नृत्यपूर्ण रामलीला मंचन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रंगोली प्रतियोगिता में फार्मेसी विभाग की प्रतिभा चौहान और देवेश दुबे ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि समसुद्दीन, अनुज और शिवम दूसरे स्थान पर रहे और तीसरे स्थान पर तमन्ना, नीतू और काजल ने कब्जा जमाया। स्टॉल्स प्रतियोगिता में फार्मेसी क्लब ने पहला स्थान हासिल किया, जिसका नेतृत्व सौरभ शर्मा ने किया। दूसरा स्थान स्पोर्ट्स क्लब को मिला, जिसका नेतृत्व अंकुर चौधरी ने किया। तीसरे स्थान पर कल्चरल क्लब रहा, जिसकी कोऑर्डिनेटर अनमोल कालरा थीं। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को प्रशस्तिपत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए।

## निरंकारी सतगुरु का दिव्य आगमन नोएडा में 27 अक्टूबर को



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता के पावन सान्निध्य में रामलीला ग्राउंड, नोएडा स्टेडियम सेक्टर 21 के विशाल मैदान में रविवार को सन्त समागम का आयोजन होने जा रहा है।

नोएडा के संयोजक सिंगारा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि निरंकारी सेवादल के सदस्यों एवं भक्तों द्वारा समागम परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों की सफाई की जा चुकी है और तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सन्त समागम की महत्ता को धर्म, ग्रंथों में भी विशेष रूप से वर्णित किया गया है। इसी पावन उद्देश्य को सतगुरु माता द्वारा ब्रह्मज्ञान की दिव्य रोशनी के रूप में प्रत्येक जनमानस तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। नोएडा के संयोजक ने सभी नगरवासियों एवं भक्तों को इस पावन संत समागम का साक्षी बनने हेतु सादर आमंत्रित किया है कि वह सभी आकर इस दिव्य संत समागम का भरपूर आनंद प्राप्त करें।